# दीप कमल

मार्च 2023



## मोर आवास, मोर अधिकार



**वंदन**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा के बस्तर प्रवास से प्रदेश में बदलाव का संदेश और संकेत स्पष्ट।



**अभिनंदन**

छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र श्री रमेश बैस अब महाराष्ट्र के महामहिम।

# दीप कमल

वर्ष-19, अंक-3, मार्च 2023

**संपादक**
सुभाष राव

**कार्यकारी संपादक**
पंकज कुमार झा

मुद्रक एवं प्रकाशक अरुण साव द्वारा, भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़ के लिए, मूणत ऑफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित एवं कुशाभाऊ ठाकरे परिसर, बोरियाकला, रायपुर से प्रकाशित।

**स्वत्वाधिकारी**
भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़

**ई-मेल**
jay7feb@gmail.com

**फोन**
0771-2233500, 2233511

## सोशल मीडिया से


















होली के रंग, पूर्वोत्तर के संग

## भाजपा का संकल्प

# सीएम आवास जाने से पहले पीएम आवास

व्यक्ति की मूलभूत आवश्यकताओं में घर एक ऐसी चीज है जिसका सपना देखते-देखते अक्सर पीढियां गुजर जाया करती थी। 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की 125 करोड़ जनसंख्या में से मात्र लगभग 25 करोड़ लोग ऐसे थे, जिनके पास अपना घर था। अर्थात लगभग 80 करोड़ से अधिक बेघर लोगों का देश था भारत। या यूं कहें कि देश के 80 प्रतिशत लोग या तो किराए के घर में अपना जीवन गुजार देते थे या फिर अनियमित-अवैधानिक झुग्गियों-बस्तियों में रहते थे। तमाम नागरिक सुविधाओं से विहीन उनका जीवन कट जाता था और कांग्रेस जैसी सत्ताधारी पार्टियों के नेतागण बड़े-बड़े महलों-प्रासादों में विलासिता पूर्ण जीवन जीते हुए लोकतंत्र का उपहास सा करते नजर आते थे।

देश में दशकों तक राज करने वाली कांग्रेस ने हमें ऐसा ही भारत दिया था, जहां सामान्य नागरिकों के लिए न केवल घर, बल्कि सहजता से भोजन, स्वच्छ पेयजल, शौचालय... यहां तक कि स्वयं के नाम का बैंक खाता होना भी कल्पनातीत था। और ऐसा हो भी क्यों न भला? जब मजहब, पूजा पद्धति, जाति, क्षेत्र आदि के नाम पर लड़ा कर ही वोट मिल जाता रहा हो, तब तुष्टीकरण ही एकमात्र नीति क्यों न रहे कांग्रेस जैसे दल की? उस कांग्रेस की जिसने सत्ता में रहना हमेशा से अपना वंशानुगत अधिकार समझा हो। जब कांग्रेस जैसी पार्टी छोटी-छोटी रेबड़ियां बांट कर ही बहुमत प्राप्त कर लेती रही हो, जब वह रेबडी भी खुद-खुद को ही देकर भी उसके पास मसीहा बन जाने का विकल्प हो, तो क्योंकर सोचती वह जनता के मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु किसी उद्यम करने की? इसी तरह दशक-दर-दशक निकलते रहे और भारत की भूखी-प्यासी, बेघर जनता जवाहरलाल की राय के आधार पर पालकी ढोती रही, बकौल नागार्जुन – **आओ रानी हम ढोएंगे पालकी, यही हुई है राय जवाहर लाल की**।

इस राय से रायपुर भी लम्बे समय तक इत्तफाक रखता रहा था, तब तक जब तक कि प्रदेश का निर्माण अटल जी ने नहीं कर दिया। जब तक भाजपा को स्थायित्व के साथ सेवा का अवसर नहीं मिला। जब तक भारत की जनता ने कांग्रेस के बहकावे रूपी जाल को फेक कर वस्तुस्थिति समझते हुए अपने लोकनायक, भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के साथ नहीं हो ली थी। भारत के सिंहासन पर जननायक बैठा फिर तमाम रेबड़ियों और तुष्टीकरण को तिलांजलि देते हुए उन्होंने तय किया कि परिणाम चाहे जो हो, अब 'गरीब कल्याण' के लिए ही वास्तविक काम किया जाएगा। 'गरीबी हटाओ' के कांग्रेस के पुश्तैनी नारों के बरक्स अब सीधे तौर पर गरीबी हटाया जाएगा। लक्ष्य तय कर समय सीमा में काम करने की प्रतिबद्धता होगी और नागरिकों का जीवन स्तर बेहतर बनाने से कोई माई का लाल हमें अब रोक नहीं सकता।

ऐसे ही कुछ संकल्प थे - स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरा होने अर्थात 2022 तक सबके लिए पक्के घर, सबको नल से स्वच्छ जल, उन सभी के लिए निःशुल्क चिकित्सा सुविधा जो इसे वहन नहीं कर सकते, सबका अपना बैंक खाता ताकि बिना किसी 'कांग्रेसीकरण' के, अर्थात बिना किसी दलाली के सीधे लाभार्थियों के खाते में रकम का भुगतान हो सके, और सबके लिए सुरक्षित जीवन। कुल मिला कर 'सबका साथ सबका विकास, सबका प्रयास, सबका विश्वास' के संकल्प की सिद्धि के लिए भारत चल पड़ा था, असंभव से लगते लक्ष्य का संधान करने।

ऐसे में छत्तीसगढ़ का दुर्भाग्य रहा कि प्रदेश में ऐसी पार्टी सत्ता में आ गयी थी, जिसने न तो कभी गरीबी हटाओ जैसे नारों में विश्वास किया, और न ही कभी ऐसा कुछ प्रयास किया था। अतः दुर्भावना और इर्ष्या के कारण कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार ने चुन-चुन कर उन सभी कल्याणकारी योजनाओं को विफल करने की ठानी, जिसे मोदी जी की सरकार ने देश के लिए तय किया था। कांग्रेस की इस गंदी राजनीति का सबसे बड़ा शिकार बना 'प्रधानमंत्री आवास योजना' जिसके तहत 16 लाख से अधिक छत्तीसगढ़ियों के आवास, राजनीतिक दुराग्रह के कारण कांग्रेस ने बनने नहीं दिया। बेशर्मी की पराकाष्ठा देखिये कि मुख्यमंत्री भूपेश ने इस मामले में साफ-साफ कहा कि क्योंकि इस योजना में 'प्रधानमंत्री' शब्द जुड़ा हुआ है इसलिए वे आवास नहीं बनने देंगे।

न केवल विपक्ष के बार-बार ध्यान दिलाने, अपितु सत्ता पक्ष के नताओं द्वारा आग्रह के बावजूद भी अहंकार में डूबे मुख्यमंत्री बघेल के कान पर जूं नहीं रेंगी। भाजपा ने तो इस मामले में लगातर गांव और टोले से लेकर, सड़क से सदन तक अपनी बात रखती रही थी लेकिन भूपेश बघेल की जिद्द के कारण बात इतनी बढ़ गयी कि आवास बना पाने में 'विफलता' स्वीकार करते हुए सरकार के सबसे कद्दावर मंत्री



टी. एस. सिंहदेव
T. S. Singh Deo

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत् प्रदेश के आवास विहीन लोगों को आवास बनाकर दिया जाना था जिसके लिए मैंने कई बार आपसे चर्चा कर राशि आवंटन का अनुरोध किया था किन्तु इस योजना मे राशि उपलब्ध नहीं की जा सकी फलस्वरूप प्रदेश के लगभग 8 लाख लोगों के लिए आवास नहीं बनाये जा सके। इसके अतिरिक्त 8 लाख घर बनाने में से करीब 10 हजार करोड़ प्रदेश की अर्थव्यवस्था में सहायक होते। हमारे जन घोषणा पत्र में छत्तीसगढ़ के 36 लक्ष्य अंतर्गत ग्रामीण आवास का अधिकार प्रमुख रूप से उल्लेखित है। विचारणीय है कि, प्रदेश में वर्तमान सरकार के कार्यकाल में बेघर लोगों के लिए एक भी आवास नहीं बनाया जा सका और योजना की प्रगति निरंक रही। मुझे दुःख है कि इस योजना का लाभ प्रदेश के आवास विहीन लोगों को नहीं मिल सका।

**पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्री टी. एस. सिंहदेव में तो कम से कम इतनी नैतिकता बची थी कि आवास नहीं दे पाने में शासन की 'विफलता' को स्वीकार करते हुए विभाग छोड़ दिया था। सीएम में इतनी भी शर्म नहीं बची।**

और कांग्रेस के 'जन घोषणा पत्र' के संयोजक रहे श्री टी. एस. सिंहदेव ने बाकायदा सार्वजनिक पत्र लिख कर विभाग से इस्तीफा दे दिया। फिर भी सीएम अपनी हठधर्मिता पर अड़े रहे। यहां तक कि पीएम आवास की प्रतीक्षा सूची में रहे कांकेर का एक परिवार का बाल-बच्चों समेत अपने कच्चे घर के गिरने से दब कर मर गया, फिर भी मुख्यमंत्री की संवेदना को खरोंच तक नहीं आ सकी। बार-बार भाजपा द्वारा हर मंच पर स्मरण कराने, आन्दोलन करने के बावजूद सीएम की पेशानी पर बल नहीं पड़ा।

अंततः छत्तीसगढ़ को बेघर रखने के अपराध के विरुद्ध आवाज बुलंद करने सारा प्रदेश भाजपा के आह्वान पर रायपुर में उमड़ पड़ा था। अपने आवास के लिए ऐसा आन्दोलन छत्तीसगढ़ियों ने भाजपा के आह्वान पर खड़ा किया, जैसा इससे पहले कभी रायपुर की धरती ने देखा नहीं था। प्रदेश के हजारों वंचित लाभार्थी उमड़ पड़े थे भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ जिन्हें अपने हाथों चरण धोकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने अभिनंदन किया। लेकिन छत्तीसगढ़ की उस एक लाख से अधिक जनता के साथ भी बर्बरता करने से बाज नहीं आई कांग्रेस की पुलिस। बड़े से बड़े मामलों में 'हाथ' पर हाथ धरे बैठे रहने वाली पुलिस ने बाकायदा हजारों की भीड़ पर गोले बरसाए, कार्यकर्ताओं को घायल किया, ऐसी मंशा से काम की जिससे लगता था कि वह चाह रही हो कि भगदड़ मचे और अधिक से अधिक छत्तीसगढ़ियों को जान से 'हाथ' धोना पड़े।

अपने ही मतदाताओं से इस तरह का अन्याय और ऐसी प्रताड़ना शायद ही कभी किसी अन्य ने की हो जैसा कांग्रेस ने किया। प्रदेश भाजपाध्यक्ष श्री अरुण साव ने इस बर्बरता के बारे में सही ही कहा कि इससे वह वाकया याद आया जब श्रीमती इंदिरा गांधी की पुलिस ने संसद कूच कर रहे संतों पर गोलियां बरसा कर की थी। वास्तव में रायपुर को जलियावाला बाग बना देने की कांग्रेस की विफल कर दी गयी षड्यंत्र की जितनी निंदा की जाय, वह कम है। इस शानदार आन्दोलन को सफल बनाने वाले सभी भाजपाजन और प्रदेश की जनता वास्तव में अभिनंदन की पात्र है। बहरहाल।

भाजपा ने उस मंच से एक स्वर से यह संकल्प लिया कि आने वाली भाजपा सरकार के निर्वाचित मुख्यमंत्री सीएम आवास बाद में जायेंगे, पहले पीएम आवास योजना के फ़ाइल पर हस्ताक्षर करेंगे। लाख कांग्रेसी कोशिशों के बावजूद एक भी छत्तीसगढ़िया अब बिना पक्की छत के नहीं रहेगा। कांग्रेस की सरकार चुन लेने का खामियाजा भले तात्कालिक रूप से प्रदेश को भुगतना पड़ा, किंतु शीघ्र ही इस सरकार की विदाई होगी और मोदी जी की नीयत और नीति के अनुरूप यहां भी न केवल आवास बल्कि हर मूलभूत सुविधाओं के मामले में आत्मनिर्भर होने में छत्तीसगढ़ को कोई ताकत अब वंचित नहीं कर सकता। भाजपा के 'मोर आवास मोर अधिकार' आन्दोलन का यही संदेश है, और यही संकेत भी देता दिखा वह ऐतिहासिक आंदोलन। शुभ कामना। ●●●

अपनी प्रतिक्रिया कृपया इस आईडी पर दें-
jay7feb@gmail.com

# राष्ट्र के लिए मिलकर काम करना ही ध्येय




हम लोग गणित पढ़ते हैं तो उस गणित में इकाई, दहाई, सैकड़ा, हजार इस प्रकार की गिनती होती है। अगर हम राष्ट्र का विचार लेकर चलें तो गणित की गिनती का यह तरीका बदल जाएगा। वहां एक और एक दो नहीं होते, एक और एक ग्यारह होते हैं। राष्ट्रीयता रही तो उसके आधार पर संगठन का विचार आया तो एक-एक मिलकर ग्यारह, एक सौ ग्यारह, एक हजार एक सौ ग्यारह, ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह, बढ़ते चले जाएंगे। अगर वह राष्ट्रीयता नहीं रही तो आप जानते हैं, दशमलव लगने के बाद फिर एक लगाइए तो उसकी क़ीमत एक की जगह एक बटा दस और एक और एक कर दीजिए तो ग्यारह बटा सौ यानी क़ीमत घटती चली जाएगी।

जब राष्ट्र के साथ कोई भी व्यक्ति खड़ा होता है, तो व्यक्ति की बड़ी भारी कीमत होती है और एक-एक व्यक्ति की क़ीमत उतने गुना जाकर आगे बढ़ जाती है। देश का राष्ट्रपति एक व्यक्ति है, परंतु कितना बड़ा महत्त्व उसका हो जाता है, क्योंकि वह राष्ट्र का प्रतिनिधि है। और अगर दूसरी तरफ राष्ट्र का विचार नहीं रहा तो फिर हम कहां हैं? तो यह राष्ट्र नाम की जो चीज है, यह अत्यंत महत्त्व की है, उसी में सबका वैभव खड़ा होता है, इस तथ्य को समझें और फिर उसके अनुसार अपना संपूर्ण व्यवहार करें।

यह संस्कार और व्यवहार कैसे करेंगे? यह आदत डालनी पड़ती है और उसमें फिर छोटा-छोटा काम बड़ी-बड़ी बातें इनकी महत्ता समझनी होती है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और बाकी के संगठनों का अंतर समझना होगा। संगठन की बात, देश की बात, एकता की बात, सब लोगों ने कही और संघ ने इन बातों को व्यवहार में किया। क्या छोटी सी बात से छोटे-छोटे कार्यक्रम करके बड़े लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है? हां, इन्हीं से संस्कार बनते हैं, इसलिए हम लोग संघ स्थान पर आते हैं। हमारे सामने जीवन में रोज यह सवाल आता है कि क्या करें? संघ स्थान पर जाएं या आज तो सिनेमा देख लिया जाए। कोई अच्छा सिनेमा आया है तो सिनेमा देखें या संघ स्थान पर जाएं, पर माताजी ने कहा है कि नहीं, नहीं आज तो तू यहीं बैठ

जा और मुझे जरा थोड़ी सी रामायण सुना दे और हम माताजी को रामायण सुनाने के लिए बैठें या संघ स्थान पर जाएं, तो दोनों में फिर मेल करना पड़ता है। हर जगह फिर हम कहते हैं कि नहीं, नहीं हम संघ स्थान पर जाएंगे और माताजी को कहते हैं कि नहीं, मैं अभी संघ स्थान से लौटकर आता हूं और फिर देखो तुम्हारे सोते-सोते तुम्हें अच्छी तरह से रामायण सुनाऊंगा। हम प्राथमिकताओं में मेल बैठाना सीखते हैं। इस प्रकार से धीरे-धीरे हमारे मन के अंदर संस्कार आता है। फिर एक-एक काम करते-करते फिर हम अपनी पढ़ाई का निर्णय करते हैं, नौकरी का निर्णय करते हैं। बाकी के काम-धंधे का निर्णय करते हैं। कौन सा काम करें, जो देश के लिए लाभदायक होगा, वह काम करें या न करें, रोज यह सवाल आकर सामने खड़े हो जाते हैं।

आदमी अगर इस प्रकार से विचार करता चला जाएगा, तो इसके जीवन में नित्य सिद्धता आएगी। धीरे-धीरे चीज आती है, नहीं तो कई ऐसे लोग निकल आते हैं, कहते हैं कि नहीं-नहीं, चिंता मत करिए, अपने को क्या है, जब मौका आएगा, हम तैयार हैं। बहुत बड़ा वर्ग मिलता है, जो कहता है कि जब मौका आएगा तो हम तैयार हैं। परंतु कठिनाई ऐसी होती है कि मौके की सूचना आपको कौन देगा? बिना अभ्यास के आप क्या करेंगे? जैसे लोग कहते हैं कि आखिरी समय पर भगवान् का स्मरण कर लिया तो एकदम मुक्ति मिल जाती है, परंतु आखिरी समय पर भगवान् का स्मरण? अरे, जिसने जिंदगी भर कोई ध्यान नहीं किया। भगवान् का नाम ही नहीं लिया, भगवान् का स्मरण नहीं किया तो आखिरी समय पर स्मरण कैसे कर लेंगे? सवाल आएगा कि जो छोटी- मोटी बात देश के लिए नहीं कर सकता, वह फिर जान दे देगा? लोग तो कहते हैं कि हमारी जान हाजिर है। तो ऐसे बहुत से लोग मिलते हैं कि जिनके यहां अभी जाओ, अपने यहां लखनऊ में तो यह पद्धति है कि वे कहेंगे, साहब! क्या सेवा करें,

**जब राष्ट्र के साथ कोई भी व्यक्ति खड़ा होता है, तो व्यक्ति की बड़ी भारी कीमत होती है और एक-एक व्यक्ति की क़ीमत उतने गुना जाकर आगे बढ़ जाती है। देश का राष्ट्रपति एक व्यक्ति है, परंतु कितना बड़ा महत्त्व उसका हो जाता है, क्योंकि वह राष्ट्र का प्रतिनिधि है।**

जान हाजिर है। आप उनसे कहो, फलानी-फलानी चीज़ चाहिए। एक बार ऐसा ही हुआ था कि वहां पर, अपना ऐसे जैसे यह शिविर लग रहा है, ऐसे ही शिविर था तो एक सज्जन के यहां गए और उनसे कहा कि देखिए, कुछ टेंट चाहिए। उस जमाने में तो हम लोग इधर-उधर से मांगकर के ही टेंट इकट्ठा किया करते थे, क्योंकि ठेके-वेके की उस समय कल्पना नहीं थी। उस समय अपनी गरीबी की हालत में मांगने के लिए गए थे। बोले, टेंट कुछ थे तो सही मगर पिछले साल मेले पर गए थे, अभी आए नहीं। फिर हमने कहा कि टेंट नहीं हैं तो दरी वगैरह होगी। वही आप दे दीजिए। बोले, दरी तो पता नहीं, वह तो फलानी शादी में गई थी, वहां से अभी लौटकर ही नहीं आई है। और वह फिर बोले कि मेरे लायक कोई सेवा हो तो बताइए। सब आपके लिए हाजिर है। उनसे कहा कि पेट्रोमैक्स वगैरह आपके यहां हैं। बोले कि भाई, पैट्रोमैक्स तो हमारे यहां बिल्कुल है ही नहीं। पैट्रोमैक्स भी नहीं। फिर उनसे कोई चीज के लिए कहें, तो वे न कर देते थे। परंतु कहते थे कि आप हुकुम करिए, जो कुछ है आपके लायक सेवा, हम तो आपके ही हैं। ऐसे अपने देश में बहुत मिलते हैं कि जो कहते हैं कि नहीं-नहीं भाई, देश के लिए सबकुछ है। देश के लिए काम करने का मौका आता है तो कहते हैं कि जान हाजिर है।

सच बात है कि हम छोटा-छोटा काम देश के लिए कैसे करेंगे? इसका संस्कार मन के ऊपर पड़ता रहे। चार लोग मिलकर कैसे करें, यह भी तो कोई सरल बात नहीं है कि चार लोग मिलकर काम कर सकें। इसके लिए भी ट्रेनिंग लेनी पड़ती है। इसके लिए भी मन की तैयारी लगती है। अब हम लोग तो यहां पर जब सामूहिक रोटी होती है, उसमें थोड़ी सी तक़लीफ़ भी होती है। जमीन के ऊपर बैठकर खाइए तो फिर नमक की और शक्कर की कमी जो है, वह भगवान् अपनी पृथ्वी माता भी थोड़ा-बहुत पूरा कर देती है। अब इसकी आदत चाहिए और जिसको आदत नहीं है, वह तो समझता है कि अरे-अरे, कहां आकर बैठ गए और चार लोग, इधर भी कोई बैठा है उधर भी कोई बैठा है, चार लोगों के अंदर बैठ करके बातें बहुत कर सकते हैं। कुछ लोगों को भोजन का मौका आए तो बड़ा बुरा लगता है, कोई सामने बैठा हो और भोजन करें, वे कहते हैं कि नहीं-नहीं, भोजन तो अकेले ही करना चाहिए। कुछ लोग कहते हैं, चार लोग मिलकर कैसे काम कर सकते हैं? चार लोग मिलें तो फिर हम एक-दूसरे से लड़ेंगे नहीं, बल्कि प्रेम के साथ, सहयोग के साथ काम कर सकेंगे। इसके लिए भी एक संस्कार की जरूरत होती है, शिक्षण की जरूरत होती है। आदत की जरूरत होती है। इसप्रकार का विचार सामने रखें हममें से प्रत्येक का ध्येय, जीवन का ध्येय, पढ़ाई-लिखाई सबका ध्येय यह हो कि राष्ट्र के लिए हम सब मिलकर काम करेंगे। इस एक विचार को लेकर हम चलें, इसके लिए ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापनाहुई, इसलिए हम लोग कार्य कर रहे हैं। ●●●

**शीत शिविर वर्ग, बौद्धिक वर्ग : फरवरी 4, 1968 (संपादित अंश)**




# रक्तपात की राजनीति के खिलाफ भाजपा की जन हुंकार

**लोकतंत्र की हत्या के खिलाफ जनता हमारे साथ : डॉ. रमन** | **कांग्रेस शासन में घोटा जा रहा है लोकतंत्र का गलाः चंदेल** | **भाजपा नेताओं की शहादत का जनता ने किया सम्मानः भाजपा**

भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ के 78 विधानसभा क्षेत्रों में लगभग 400 स्थानों पर जबरदस्त चक्काजाम आंदोलन कर कांग्रेस सरकार के खिलाफ हुंकार भरी। भाजपा ने बस्तर में अपने चार साथियों की षडयंत्र पूर्वक हत्या के विरोध में जन जागरण के उद्देश्य से यह आंदोलन किया। प्रदेश व्यापी आंदोलन का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष सांसद अरुण साव, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल सहित सभी सांसदों, विधायकों एवं वरिष्ठ नेताओं ने किया।

छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने शंकर नगर चौक पर चक्का जाम आंदोलन का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल सरकार का षड्यंत्र उजागर होने लगा है। नक्सलियों द्वारा सुनियोजित तरीके से भाजपा नेताओं की हत्या और छत्तीसगढ़ में बढ़ते अपराध का विरोध जरूरी है। यह चक्काजाम कांग्रेस की बदनीयती के खिलाफ जनहुंकार है। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ में जब जब कांग्रेस की सरकार आई है, राजनीतिक हत्याओं का दौर चला है। 2003 के पहले जब कांग्रेस की सरकार थी तो जयस्तंभ चौक पर हुई राजनीतिक हत्या छत्तीसगढ़ की जनता भूली नही है और जनता ने 15 वर्षों के लिए कांग्रेस को सत्ता से बाहर कर दिया था। अब कांग्रेस की मौजूदा सरकार में भी राजनीतिक हत्याओं का दौर शुरू हो चुका है। 1 महीने में भाजपा के 4 नेताओं की नृशंस हत्या की गई है। इसके विरोध में भारतीय जनता पार्टी पूरे छत्तीसगढ़ में 400 स्थानों पर सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन कर रही है। प्रदेश भर में जनता हमें समर्थन दे रही है। शांत छत्तीसगढ़ की स्थापना के लिए जनता भागीदारी कर रही है।

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों की हत्या के विरोध में चक्का जाम आंदोलन में फाफाडीह में भाग लेकर अपने उद्बोधन में कहा कि कांग्रेस सरकार साजिश के तहत हमारे नेताओं की सुरक्षा घटा रही है। हम आज प्रदेश भर में चक्काजाम आंदोलन इसलिए कर रहे हैं कि लोकतंत्र की हत्या के खिलाफ जागरूकता आये। जनता हमारे साथ है। हम राज्य में अमन चैन के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के पदाधिकारियों की हत्या सीधे तौर पर साजिश है और एक माह में हमारे 4 साथियों की हत्या इसी साजिश का परिणाम है।

नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने जांजगीर-चांपा में भाजपा के चक्का जाम आंदोलन का नेतृत्व किया। इस दौरान उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि समूचा बस्तर खून से लथपथ है। लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। प्रजातंत्र का गला घोंटा जा रहा है और यह सब इस कांग्रेसी शासन के संरक्षण में हो

रहा है। कांग्रेस की सरकार जनता की नजरों में गिर चुकी है। उसने कोई काम नहीं किया। जन घोषणा पत्र की सारी घोषणाएं कचरे की टोकरी में डाल दी गई हैं और जब कांग्रेस को अपनी हार का भय सता रहा है तो लोकतंत्र को दबाकर तानाशाही तरीके से सत्ता बचाए रखना चाहती है। लेकिन जनता के साथ खड़ी भाजपा इस सरकार को उखाड़ कर फेंक देगी।

रायपुर सांसद सुनील सोनी ने राजधानी के रिंग रोड नंबर 1 में मठपुरैना के पास चक्का जाम आंदोलन में भागीदारी करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पास कोई उपलब्धि नहीं है। सवा 4 साल में उन्होंने कोई काम नहीं किया है। इसलिए अपनी विफलताओं के कारण सुनिश्चित हार के डर से तरह-तरह के षड्यंत्र किए जा रहे हैं। बस्तर में हमारे चार साथियों की हत्या इसी षड्यंत्र का एक हिस्सा है। सांसद सुनील सोनी ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता लोकतांत्रिक तरीके से हर साजिश का मुकाबला करने के लिए तैयार है। भूपेश बघेल की सरकार कितने भी षड्यंत्र करे लेकिन लोकतंत्र के रखवाले भाजपा कार्यकर्ता पीछे हटने वाले नहीं हैं।

भाजपा मुख्य प्रवक्ता व पूर्व मंत्री, विधायक अजय चंद्राकर ने कुरुद में चक्काजाम आंदोलन का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि यह डबल स्टैंडर्ड की सरकार है जो अपने दुख को दुख और भारतीय जनता पार्टी के दुख को कहानी समझती है।

टाटीबंध में पूर्व मंत्री व भाजपा प्रवक्ता राजेश मूणत ने आंदोलन का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल सरकार का षड्यंत्र सामने आ रहा है। सुनियोजित तरीके से भाजपा नेताओं की हत्या और छत्तीसगढ़ में बढ़ते अपराध का विरोध बेहद जरूरी है। यह चक्का जाम कांग्रेस की साजिशों के खिलाफ हुंकार है।

चक्का जाम के दौरान कटोरा तालाब कपूर चौक में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने अपनी कार जबरदस्ती भाजपा कार्यकर्ताओं का घेरा तोड़कर आगे बढ़ाने की कोशिश की, जिसे भाजपा कार्यकर्ताओं ने नाकाम कर दिया। भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रखर विरोध के आगे मोहन मरकाम को लौटना पड़ा। इस दौरान पुलिस ने भाजपा कार्यकर्ताओं से बदसलूकी व झूमा झटकी की।

भाजपा कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच हल्की कहासुनी भी हुई वहाँ उपस्थित भाजपा



कार्यकर्ताओं ने कहा कि काँग्रेस शुरू से राजनीतिक रसूख दिखाने में अग्रणी है कांग्रेस अध्यक्ष आदिवासी होते हुए भी दिवंगत आदिवासी नेताओ के प्रति तनिक भी खेद नही रखते यह दुःखद है ।

वनांचल क्षेत्र में पिछले 1 महीने में भारतीय जनता पार्टी के 4 नेताओं रामदार अलामी, निलकंठ काकेम, सागर साहू एवं बुधराम करताम की हत्या हुई है, भाजपा नेताओं को टारगेट करके उनकी हत्या की जा रही है, पूरे प्रदेश और बस्तर में भारतीय जनता पार्टी की गतिविधियां लगातार बढ़ी है और लगातार हो रहे आंदोलन से कांग्रेस में बौखलाहट है और यह एक तरह से षड्यंत्र का हिस्सा प्रतीत होता है जिससे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के मन में भय उत्पन्न कर दिया जाए जिससे बस्तर जो सरकार निर्माण में अहम भूमिका में है वहाँ कांग्रेस की नाकामियों के खिलाफ कोई आवाज उठाने वाला ना हो और सड़क पर उतर कर कार्य न कर सके यह पूरा परिदृश्य चुनाव को प्रभावित करने के लिए साजिश का हिस्सा लग रहा है।

## बिलासपुर जिला के प्रत्येक विधानसभा में चक्का जाम

बस्तर में भाजपा के चार पदाधिकारियों की सुनियोजित तरीके से लक्षित कर हत्या एवं प्रदेश में बढ़ते हुए अपराध और बिगड़ते हुए कानून स्थिति के विरोध में भारतीय जनता पार्टी द्वारा बिलासपुर जिला के प्रत्येक विधानसभा में चक्का जाम किया गया।

बिल्हा विधानसभा में पूर्व विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी नेतृत्व में भोजपुरी टोल प्लाजा रायपुर रोड में, बिलासपुर विधानसभा में पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल के नेतृत्व में उसलापुर ओव्हर ब्रिज के पास, पाटीदार भवन के सामने बिलासपुर, मस्तूरी विधानसभा में मस्तूरी विधायक डॉ.कृष्णमूर्ति बांधी के नेतृत्व में नवाडीह चौक सीपत, मोहतरा चौक जयरामनगर गतौरा, जोंधरा चौक मस्तूरी, बेलतरा विधानसभा में बेलतरा विधायक रजनीश सिंह के नेतृत्व में बिलासपुर रतनपुर हाईवे रानीगांव चौक में, तखतपुर विधानसभा में महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष हर्षिता पाण्डेय के नेतृत्व में बटालियन चौक मुख्य मार्ग सकरी, कोटा विधानसभा में जिला संगठन प्रभारी मोतीलाल साहू, जिला संगठन सहप्रभारी इन्द्रजीत सिंह, कोटा विधानसभा प्रभारी पवन गर्ग के नेतृत्व में सुभाष पेट्रोल पम्प के पास रतनपुर में चक्का जाम किया गया। चक्का जाम स्थल पर दिवंगत हुए कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलि दी गई।

प्रदेश के 78 विधानसभा क्षेत्र के 400 से अधिक स्थानों में हुए चक्काजाम में दुर्ग में राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पांडेय, रामानुजगंज में पूर्व राज्यसभा सांसद रामविचार नेताम, ,कुम्हारी में सांसद विजय बघेल,कुरूद में भाजपा मुख्य प्रवक्ता अजय चंद्राकर, बिलासपुर में धरमलाल कौशिक, अमर अग्रवाल, भूपेन्द्र सवन्नी, मुंगेली में पुन्नूलाल मोहले, पूर्व सांसद लखनलाल साहू, कवर्धा में प्रदेश महामंत्री विजय शर्मा, रायगढ़ में ओपी चौधरी, भाटापारा में विधायक शिवरतन शर्मा, अकलतरा में विधायक सौरभ सिंह, बलौदाबाजार में लक्ष्मी वर्मा, जशपुर कुनकुरी में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय, पत्थलगांव में सांसद गोमती साय, धमतरी में सांसद चुन्नीलाल साहू, राजनांदगांव में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, विधायक श्रीमती रंजना साहू, पूर्व मंत्री राजेश मूणत, नीलू शर्मा, खूबचंद पारख,,नंदे साहू, राजीव अग्रवाल, संजय श्रीवास्तव, जयंती पटेल, अभिनेष कश्यप,श्रीचंद सुन्दरानी, नरेश गुप्ता, नंदन जैन, दीपक म्हस्के, किशोर महानंद, सरगुजा में कृष्ण कुमार राय, गणेश राम भगत, रायमुनी चंपा देवी पावले, यशवंत जैन, संदीप शर्मा, अशोक बजाज संयोगिता सिह जूदेव, किरण बघेल, रामकुमार भट्ट,अमित साहु सहित भाजपा सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, जिलाध्यक्ष सहित भाजपा के सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के 78 विधानसभा क्षेत्रों के 400 से अधिक स्थानों में हजारों की संख्या में आंदोलन में शामिल होकर चक्का जाम किया। ●●●




# छत्तीसगढ़ की कांग्रेस शोषित जनता को कांग्रेस का राष्ट्रीय नेतृत्व जवाब दे

- **छत्तीसगढ़ के हर युवाओं का पिछले चार वर्ष में गबन किया हुआ 12 हजार करोड़ रुपया ब्याज समेत कब वापस करेंगे?**

कांग्रेस ने जन घोषणा पत्र में यह वादा किया था कि प्रदेश के 10 लाख युवाओं को 25 सौ रूपये प्रति माह बेरोजगारी भत्ता देगी, चार वर्ष में यह रकम 12 हजार करोड़ होता है, जिसे कांग्रेस सरकार ने गबन कर लिया है। कांग्रेस का राष्ट्रीय नेतृत्व बघेल सरकार से यह रकम ब्याज समेत वापस कब करायेगी? प्रदेश में 10 हजार युवा-युवतियों समेत23 हजार से अधिक लोगों ने आत्महत्या कर ली है। (2021 में 7,828. 2020- 7,710. 2019 में 7629 कुल तीन वर्ष में 23, 167 लोगों ने ख़ुदकुशी की है. source : NCRB) 2023 के आंकड़े आने पर चार वर्ष में 30 हजार से अधिक लोग होंगे

- **प्रदेश के 16 लाख गरीब परिवार के घर का छत क्यों छीना?**

मोदी जी की लोकप्रिय सरकार ने स्वतन्त्रता के अमृत महोत्सव अर्थात 2022 की समाप्ति तक देश के हर नागरिक के सर पर पक्की छत, सर्व सुविधा युक्त घर देने की योजना बनायी थी। इस योजना के तहत देश भर में करीब 3 करोड़ आवास देने का का लक्ष्य था। मोदी जी के प्रति दुर्भावना के कारण भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ में 16 लाख आवास को यह कहते रोक दिया है कि क्योंकि इस योजना आमीन 'प्रधानमंत्री' शब्द जुड़ा हुआ है, इसलिए प्रदेश सरकार सहयोग नहीं करेगी। राज्यांश नहीं देगी। आवास देने में विफलता की जिम्मेदारी लेते हुए मंत्री टी. एस. सिंहदेव ने संबंधित विभाग को छोड़ दिया। फिर भी भूपेश बघेल अड़े रहे। पीएम आवास की प्रतीक्षा में कांकेर में एक ही परिवार के 5 सदस्य




कच्चे घर में दब कर मर गए।

- **छत्तीसगढ़ महतारी की बहन-बेटी, बच्चे असुरक्षित क्यों?**

कांग्रेस की सरकार अपने प्राथमिक दायित्व यानी क़ानून-व्यवस्था बनाये रखने में भी पूरी तरह विफल रही है। प्रदेश में 6 हजार से भी अधिक महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं हुई हैं। आदिवासी बच्चियों के खिलाफ हुए दुष्कर्म में छत्तीसगढ़ समूचे देश में दुसरे नंबर पर है। इसे रोक पाना तो दूर की बात है अनेक ऐसे मामलों में खुद कांग्रेस के नेतागण शामिल रहे हैं। प्रदेश में लैंड माफिया, सैंड माफिया, शराब, कोयला, सीमेंट माफिया सभी कांग्रेस के संरक्षण में फल-फूल रहे हैं। प्रदेश के आदिवासी क्षेत्र के पचीस हजार से अधिक बच्चे-बच्चियां इलाज और पोषण के अभाव में पिछले तीन वर्ष में मरे हैं।

- **गंगाजल हाथ में लेकर शराबबंदी का झूठा वादा क्यों किया? निभाया क्यों नहीं?**

जन घोषणा पत्र में प्रदेश में शराबबंदी का वादा किया था जबकि सत्ता में आने पर उसे बंद करना तो दूर, प्रदेश भर में शराब की होम डिलीवरी शुरू कर दी। एक रिपोर्ट के अनुसार शराब तस्करी के द्वारा राजस्व का आधा पैसा सीधे कांग्रेस के पास जाता है। प्रदेश को लूटकर शासकीय खजाने को छूना लगाते हुए इस पैसे से कांग्रेस का एटीएम चल रहा है।

- **गिरदावरी के नाम पर रकबा कटौती कर किसानों को परेशान क्यों किया? वादा अनुसार बोनस की राशि क्यों नहीं दी?**

प्रदेश के किसानों से कम धान खरीदना पड़े इसलिए गिरदावरी के नाम पर छत्तीसगढ़ के किसान के जमीन का रकबा मनमाने तरह से कटौती कर दिया गया। प्रदेश में अनेक स्थानों पर किसानों ने इस कारण हताश होकर आत्महत्या तक कर ली। प्रदेश में 800 से अधिक किसान कर्ज समेत विभिन्न कारण से आत्महत्या पर मजबूर हुए हैं। दो वर्ष का बकाया बोनस तक नहीं दिया गया है।खाद की कालाबाजारी की जा रही है। बारदाने के नाम पर किसानों को परेशान कर रही कांग्रेस सरकार।

- **छत्तीस वादों से बनी कांग्रेस सरकार का क्या हुआ सारा वादा?**

जो कहा नहीं किया। जैसा कहा उसके उलट किया। शराबबंदी का वादा कर शराब की होम डिलीवरी। मंडी टैक्स ख़त्म करने का वादा कर उसे दुगना बढाया। बिजली बिल हाफ करने का वादा कर केवल 2 सौ यूनिट तक हाफ किया। और उसके बाद अनेक बार बिजली बिल बढाया। वादे के उलट निगम कर मनमाना बढ़ाया। बेरोजगारी भत्ता नहीं दिया। रोजगार पर लगातार झूठ बोला। किसानों को बोनस नहीं दिया। कर्ज माफ़ी का वादा कर उलटे 1.5 लाख करोड़ का कर्जदार बना दिया छत्तीसगढ़ियों को।

- **छत्तीसगढ़ में हो रही नक्सली घटना एवं भाजपा कार्यकर्ता की हत्या का दौषी कोन?**

कांग्रेस सरकार बनने के बाद प्रदेश के ख़ास कर नक्सल क्षेत्रों में चुन-चुन कर भाजपा नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। पार्टी के विधायक भीमा मंडावी जी की नृशंस हत्या नक्सलियों के नाम पर कराई गयी। पिछले माह मात्र चंद दिनों में भाजपा के चार नेताओं की निर्मम हत्या हुई है। सत्ता के संरक्षण में टार्गेट किलिंग को अंजाम दिया जा रहा है।

- **धर्मांतरण का गढ़ क्यों बनाया छत्तीसगढ़ को?**

प्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों समेत हर जगह राजनीतिक लाभ के लिए धर्मान्तरण और सांप्रदायिक तुष्टिकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। बस्तर के नारायणपुर में धर्मान्तरण का विरोध कर रहे आदिवासियों पर हमले किये गए। एसपी और कमिश्नर के चेतावनी के बावजूद कांग्रेस न केवल आंख मूंदे रही बल्कि सीएम ने दिल्ली में बकायदा मिशनरियों से मुलाकात कर उनका मनोबल बढाया। नारायणपुर के कांग्रेस विधायक ने भी मिशनरियों का साथ देने की बात की। कवर्धा में हिन्दुओं पर हमले हुए। दंगे हुए। प्रदेश में पहली बार कर्फ्यू लगा। प्रदेश में बड़ी संख्या में रोहिंग्याओं को बसा कर यहां की डेमोग्राफी बदलने की साजिश हो रही है। ●●●




# छत्तीसगढ़ की जनता कांग्रेस को आराम दे, भाजपा को काम दे

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा ने को जगदलपुर के लाल बाग मैदान से चुनावी बिगुल फूंका। जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार में नक्सलियों से लड़ने का दम नहीं है, इसलिए बस्तर में नक्सल घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। नक्सलियों से लड़ने का दम केवल भाजपा के पास है।

जगदलपुर के लाल बाग मैदान में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा ने लोगों से आव्हान किया कि वे भूपेश बघेल को आराम दें और भाजपा को काम दें। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छत्तीसगढ़ का विकास करना चाह रहे हैं और कांग्रेस हमेशा की तरह राह का रोड़ा बन रही है।

उन्होंने नारायणपुर में हुए हमले पर कहा कि कांग्रेस सरकार का नक्सलियों पर नियंत्रण नहीं है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्य की बात है





# बस्तर से शंखनाद

**जगदलपुर के लाल बाग मैदान में आयोजित जनसभा में विशाल समूह को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा ने कांग्रेस सरकार को निशाने पर लिया और छत्तीसगढ़ के विकास के लिए भाजपा की सरकार बनाने का आव्हान किया।**

कि बीजेपी जिला उपाध्यक्ष पर नक्सलियों के द्वारा अटैक करने का आभास होने के बाद उनके द्वारा स्थानीय पुलिस से सुरक्षा की मांग की गई थी बावजूद इसके उन्हें सुरक्षा नहीं दी गई। यह दुर्भाग्यजनक है। यही वजह है कि यहां नक्सल घटनाएं बढ़ रही है। श्री जेपी नड्डा ने कहा कि शोकाकुल परिवार के साथ करोड़ों बीजेपी के लोग खड़े हैं और जिस तरह से नक्सलियों ने इस घटना को अंजाम दिया है, उन्हें प्रजातांत्रिक तरीके से जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह वैचारिक लड़ाई हम लड़ेंगे और प्रजातांत्रिक तरीके से लड़कर हम जरूर विजय होंगे, कायरनुमा हरकत करने वाले विचारधारा को हम जरूर परास्त करेंगे।



## छत्तीसगढ़ को रमन सरकार ने पावर कट फ्री स्टेट बनाया

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा ने कहा कि रमन सिंह सरकार ने छत्तीसगढ़ को पावर कट फ्री स्टेट बनाया। एक समय था जब यहां बिजली नहीं आती थी। रमन सिंह की सरकार ने 24 घंटे बिजली मुहैया कराई। प्रदेश की जनता कांग्रेस का पावर कट कर दे और इस राज्य को आगे बढ़ाने का काम करे। युवाओं महिलाओं सभी के विकास के लिए भाजपा संकल्पकृत है। जब रमन सिंह ने सरकार संभाली तो उस समय छत्तीसगढ़ का बजट सात हजार करोड़ का था। जब उन्होंने सरकार छोड़ी तो उस समय बजट 83 हजार 169 करोड़ का बजट था। यह है छत्तीसगढ़ के विकास की कहानी। काम करने वालों की कहानी।

## कांग्रेस की नीति अंग्रेजों जैसी फूट डालो-राजनीति करो

कांग्रेस की नीति अंग्रेजों जैसी है। उनका लक्ष्य है कि फूट-डालो और राजनीति करो। सभा को संबोधित करते हुए श्री नड्डा ने कहा कि, हम विकास के लिए बने हैं, वे विकास को अवरुद्ध करने के लिए बने हैं। हम लोगों के विकास को आगे बढ़ाने के लिए बने हैं, वे लोगों को भटकाने के लिए। इसमें कोई अचरज की बात नहीं है। हम गर्व से कह सकते हैं कि जब अटल बिहारी वाजपेयी जी प्रधानमंत्री बने तब छत्तीसगढ़ बना। उन्होंने जो कहा था, वह किया। मुझे याद है, जब स्व. राजीव गांधी और उनका परिवार यहां पिकनिक मनाने आते थे। जब वहां गर्मी ज्यादा हो गई, तो यहां का आनंद लेने आ जाते। कभी यहां के दूर-दराज के इलाकों की सुध नहीं ली।

सभा में पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा ने भाजपा कार्यकर्ता दिवंगत सागर साहू, बुधराम करटाम, नीलकंठ कक्केम को मौन रहकर श्रद्धांजलि दी। सागर साहू की नक्सलियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सांसद अरुण साव, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।




## स्व. सागर साहू को दी श्रद्धांजलि

श्री नड्डा ने नारायणपुर पहुंचकर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सागर साहू को श्रद्धांजलि दी। उनके साथ पूर्व सीएम डा. रमन सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव, पूर्व मंत्री केदार कश्यप व महेश गागड़ा भी अंतिम संस्कार में उपस्थित रहे। श्री नड्डा के प्रवास के एक दिन पूर्व नक्सलियों ने छोटेडोंगर स्थित सागर साहू के घर में घुसकर उन्हें गोली मार दी थी। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि बस्तर में एक महीने के अंदर बीजेपी के 3 नेता मारे गए जो काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। बीजापुर में नक्सलियों द्वारा मंडल अध्यक्ष की हत्या करना, नारायणपुर में जिला उपाध्यक्ष के घर में घुसकर उन पर गोली चलाना और बस्तानार में बीजेपी के जिला महामंत्री की भी हत्या करना, छत्तीसगढ़ सरकार के कानून व्यवस्था पर सवाल उठता है, छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है।

## नक्सली निशाने पर भाजपा नेता

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि जब से छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार आई है, तब से नक्सली घटनाएं तेजी से बढ़ी है। रमन सरकार ने लॉ एंड ऑर्डर बनाए रखते हुए नक्सलवाद पर पूरी तरह नियंत्रण रखा था। प्रदेश में शांति व्यवस्था थी। कांग्रेस की सरकार कभी नक्सलवाद पर नियंत्रण नहीं रख सकी है। बस्तर में शांति की स्थापना करना ही हमारा संकल्प है। हमारे कार्यकर्ताओं और जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार के समय बस्तर शांति की ओर लौट आया था। जब से कांग्रेस की सरकार बनी है, नक्सलवाद का क्षेत्र और घटनाएं दोनों का ग्राफ बड़ा है। हाल ही में कुछ ही दिनों में हमारे दो नेताओं की हत्या कर दी गई। कांग्रेस के राज में बस्तर में नक्सलियों के निशाने पर भाजपा नेता हैं।

### झोपड़ी में रखना चाहती है कांग्रेस

छत्तीसगढ़ सरकार पर हमला करते हुए श्री जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस गरीब को झोपड़ी से नहीं निकलने देना चाहती। छत्तीसगढ़ की जनता को पक्के मकान मिले, यह उन्हें रास नहीं आ रहा है। गैस का कनेक्शन मिले ये उन्हें मंजूर नहीं। पानी का कनेक्शन मिले यह कांग्रेस नहीं चाहती। श्री नड्डा ने लोगों से पूछा कि ऐसे लोगों को सरकार में रहने देना चाहिए। उन्होंने जनता से आव्हान किया कि लटकाने वाले लोगों को लटकाना है और भाजपा को काम देना है। आज छत्तीसगढ़ बलात्कार में सातवें नंबर, लॉ एंड ऑर्डर की सिचुएशन नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के तहत डकैती में पांचवें, फिरौती में चौथे नंबर, आत्महत्या में दूसरे नंबर, नारकोटिक्स में दूसरे नंबर और मर्डर में तीसरे नंबर पर है।

### मां दंतेश्वरी मंदिर पहुंचकर की पूजा



राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा दोपहर में जगदलपुर पहुंचे। यहां एयरपोर्ट से सीधे मां दंतेश्वरी मंदिर पहुंचकर उन्होंने पूजा-अर्चना की और प्रदेश की खुशहाली मांगी। फिर लाल बाग मैदान में आम सभा को संबोधित करने रवाना हुए।

### कोर कमेटी को दिए जीतने के टिप्स

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा ने भाजपा कार्यालय मं कोर कमेटी की बैठक ली। बैठक में श्री नड्डा ने कोर कमेटी के मेंबर्स को 2023 के विधानसभा चुनाव में जीत कर छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनाने के टिप्स दिए। बैठक में उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और प्रदेश की कांग्रस सरकार की विफलताओं को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने पूरी ताकत से सभी को चुनाव की तैयारी में जुट जाने कहा।



# भाजपा की आंधी में उड़ जाएगी कांग्रेस, बहुमत से आएंगेः साव

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री अरूण साव ने कहा कि भाजपा की आंधी में कांग्रेस उड़ जाएगी। भाजपा अपने कर्मठ कार्यकर्ताओं के बल पर विधानसभा और अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में बस्तर में प्रचंड जीत दर्ज करेगी। पूर्ण बहुमत के साथ प्रदेश में सरकार बनाएगी। श्री साव ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ को मतांतरण का गढ़ बना दिया है। भ्रष्टाचार चरम पर है। 15 साल प्रदेश में भाजपा की सरकार थी, जिसने प्रदेश को विकास के क्षेत्र में नई उंचाइयां दी। बस्तर में मेडिकल कालेज, विश्वविद्यालय सहित कई बड़ी सौगात भाजपा की सरकार ने दी हैं, कांग्रेस की सरकार ने विकास के क्षेत्र में चार साल में क्या दिया? मतांतरण और समाज को लड़ाने का काम ही किया जा रहा है।



# नरवा, गरुवा, घुरुवा, बाड़ी तक सीमित है कांग्रेस की सोचः रमन

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 4 साल से विकास ठप है। सीएम भूपेश बघेल नरवा, गरूवा, घुरवा बाड़ी तक सीमित हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के 15 साल के शासनकाल में बस्तर व छत्तीसगढ़ में तेजी से विकास हुआ है। सड़क, स्कूल अस्पताल, मेडिकल कॉलेज व बस्तर विश्व विद्यालय खोले गए। इसलिए अब छत्तीसगढ़ को फिर से विकास की दिशा में आगे बढ़ाने भाजपा को साथ देना होगा और 2023 में छत्तीसगढ़ में कमल खिलाने से कोई रोक नहीं सकता। पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह ने कहा कि बस्तर में घटनाओं का दौर चल रहा है। एक महीने में तीसरी हत्या भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता की हुई है। इस प्रकार की घटनाएं हो रही हैं, कांग्रेस की सरकार असफल रही है। बीजेपी को ही टारगेट बनाया जा रहा है। कहीं न कहीं मिलीभगत है। इस प्रकार की घटनाएं नहीं होनी चाहिए। ●●●






# देश को ग्लोबल लीडर बनाने वाला केंद्रीय बजट

केंद्रीय संस्कृति एवं संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में आम बजट की बारीकियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह देश को ग्लोबल लीडर बनाने वाला बजट है। बजट में प्रधानमंत्री आवास के लिए राशि बढ़ाई गई है। देश में बहुत ज्यादा तादाद में आवास बनेंगे। इससे इस कार्य में लगे मजदूरों को देश भर में काम के अवसर बढ़ेंगे। यह समावेशी विकास का बजट है। बजट एक तकनीकी विषय है। जो लोग इसे नहीं समझते, वे कह रहे हैं कि मनरेगा की मद में कटौती कर दी है। जबकि ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। मनरेगा में जो आरंभिक प्रावधान किया गया है, वह समीक्षा के आधार पर तय किया गया है। फिर समीक्षा होगी। जरूरत के अनुसार पूरक राशि का प्रावधान होगा। जो लोग कह रहे हैं कि मनरेगा में कटौती की गई है, उन्हें यह जानना चाहिए कि प्रधानमंत्री आवास मद में जो वृद्धि हुई है, उसका लाभ किसे मिलेगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भ्रम फैला रहे हैं। उन्हें मनमोहन सरकार के मनरेगा के बजट एस्टिमेट्स और केंद्र की मोदी सरकार के बजट एस्टिमेट्स के आंकड़े स्टडी करके जनता के सामने रखने चाहिए मोदी सरकार का बजट एस्टिमेट बहुत ज्यादा है एवं डिमांड बढ़ने पर सप्लीमेंट्री बजट में और भी प्रावधान किए जा सकते हैं क्योंकि मनरेगा डिमांड ड्रिवन स्कीम है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की भावना भारत को वैश्विक नेतृत्व करने वाला देश बनाने की है। यह बजट उसी भावना का बजट है। ●●●

# भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन गया है: अनुराग

आईआईएम, रायपुर ने अपने परिसर में बहुत उत्साह और धूमधाम के साथ दो दिवसीय युवा-20 परामर्श कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम के पहले दिन अपने संबोधन के दौरान, श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने अंतराल को पाटने, प्रतिभा प्रदर्शन के अवसर प्रदान करने और वैश्विक समस्याओं को हल करने में प्रौद्योगिकी के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने गर्व के साथ कहा कि भारत अब 107 यूनिकॉर्न के साथ दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन गया है। उन्होंने विविध प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाने और बहुत उत्साह, जीवन शक्ति और जीवंतता बनाए रखने के लिए छत्तीसगढ़ के युवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने यह भी कहा कि आपका नेटवर्क आपका नेट वर्थ है। उन्होंने युवाओं को अपने नेटवर्क का विस्तार करने और अपने जीवन और कार्य के आयाम को



बढ़ाने के लिए लोगों के साथ अधिक से अधिक संबंध स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा, उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि युवाओं को व्यापक अवसर और अनुभव हासिल करने के लिए अधिक से अधिक भ्रमण करना चाहिए। आप वर्तमान हैं और विश्व की आशा हैं।

संवाद के दौरान श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने राजनीति में युवाओं की भागीदारी, जीडीपी बढ़ाने आत्म-सशक्तीकरण और अंतरराष्ट्रीय छात्रों के अपने देश में योगदान आदि के संबंध में कई प्रश्न उठाए। इस सत्र से यह मुख्य सीख मिली है कि निरंतर सीखना और नए कौशल प्राप्त करने से युवाओं को देश की प्रगति में शामिल होने और शांति को बढ़ावा देने के बारे में सशक्त बनाया जा सकता है। श्री अनुराग सिंह ठाकुर आईआईएम रायपुर के लोगों में पारंपरिक कला के उपयोग से बहुत प्रभावित हुए।

कार्यक्रम में उपस्थित केंद्रीय राज्यमंत्री श्रीमती रेणुका सिंह सरुता ने युवा-20 परामर्श कार्यक्रम के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि भारत को आजादी दिलाने और इसकी प्रगति में योगदान देने वाले सभी स्वतंत्रता सेनानियों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करने का यह उपयुक्त अवसर है। ●●●

# कुल 713 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी

केंद्रीय उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय द्वारा तीन मार्च को जारी एक बयान के अनुसार खरीफ विपणन सत्र 2022-23 (खरीफ फसल) के लिए धान की खरीद से 1 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित हुए हैं। 01 मार्च, 2023 तक लगभग 713 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की गई और 1,46,960 करोड़ रुपये का न्यूनतम समर्थन मूल्य का भुगतान सीधे किसानों के खाते में स्थानांतरित कर दिया गया है।

खरीद की प्रक्रिया के निर्बाध संचालन के लिए सभी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। खरीदे गए धान के बदले चावल की आपूर्ति जारी है और 713 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद

**अभी तक 1,46,960 करोड़ रुपये के न्यूनतम समर्थन मूल्य का भुगतान**

के बदले 01 मार्च, 2023 तक केंद्रीय पूल में लगभग 246 लाख मीट्रिक टन चावल प्राप्त किया गया है। देश की जरूरतों को पूरा करने के लिए केंद्रीय पूल में वर्तमान में चावल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। वर्तमान खरीफ विपणन सत्र 2022-23 की खरीफ फसल के लिए 766 लाख मीट्रिक टन धान (चावल के मामले में 514 लाख मीट्रिक टन) की खरीद का अनुमान लगाया गया है।

### किसानों को मिला 2.5 लाख करोड़ रुपए की सम्मान निधि

'पीएम किसान सम्मान निधि' के माध्यम से अब तक छोटे किसानों के खातों में 2.5 लाख करोड़ रुपये जमा किए जा चुके हैं, जिसमें से 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि महिला किसानों के खातों में जमा की जा चुकी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 27 फरवरी को कर्नाटक के बेलगावी में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) के तहत लगभग 16,000 करोड़ रुपये की 13वीं किस्त की राशि प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से 8 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को जारी की। इस योजना के तहत पात्र किसान परिवारों को 2000 रुपये की तीन समान किस्तों में कुल 6000 रुपये प्रतिवर्ष का लाभ प्रदान किया जाता है।

# भारत में उत्पादित टीकों ने कोरोना के दौरान लाखों जानें बचाईः बिल गेट्स

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने चार मार्च को नई दिल्ली में बिल गेट्स से मुलाकात की। श्री गेट्स ने ट्वीट किया था, जिसमें उन्होंने भारत की अपनी हाल की यात्रा पर अपने उद्गार साझा किये थे, जिसके जवाब में प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया कि बिल गेट्स से मिलकर प्रसन्नता हुई और हमने प्रमुख विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उनकी विनम्रता तथा बेहतर और अधिक चिरस्थायी ग्रह की रचना करने का उनका उत्साह स्पष्ट दिखाई देता है।

अपने संवाद में श्री गेट्स ने कहा कि मैं इस सप्ताह भारत में रहा, यहां स्वास्थ्य, जलवायु परिवर्तन और अन्य महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में जो नवाचारी कार्य हो रहे हैं, उन्हें देखा-सीखा। ऐसे समय में जब दुनिया को अनेक चुनौतियों का सामना है, तब भारत जैसे जीवंत और रचनात्मक स्थान पर आना



प्रेरणास्पद है। भारत में अनेक सुरक्षित, कारगर और सस्ती वैक्सीन बनाने की अद्भुत क्षमता है।

श्री मोदी से अपनी मुलाकात को अपनी यात्रा का चरम-बिंदु बताते हुये श्री गेट्स ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मैं एक-दूसरे के संपर्क में रहे हैं, खासतौर से कोविड-19 वैक्सीन के विकास और भारत की स्वास्थ्य प्रणालियों में निवेश के विषय पर। भारत में अनेक सुरक्षित, कारगर और सस्ती वैक्सीन बनाने की अद्भुत क्षमता है, इनमें से कुछ को गेट्स फाउंडेशन समर्थन देता है। भारत में उत्पादित वैक्सीनों ने महामारी के दौरान लाखों जाने बचाई हैं और पूरे विश्व में अन्य बीमारियों को फैलने से रोका है।

श्री गेट्स ने महामारी के प्रति भारत की व्यवस्था पर कहा कि प्राणरक्षा के नये उपकरण बनाने के अलावा भारत ने उनकी आपूर्ति में भी उत्कृष्टता प्राप्त की है। की सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली ने कोविड वैक्सीन की 2.2 अरब खुराक से अधिक की आपूर्ति की। उन्होंने को-विन नामक ओपन-सोर्स प्लेटफॉर्म बनाया, जिसके तहत लोगों ने टीकाकरण के अरबों अप्वॉन्टमेंट लिये और जिन्हें टीके लगाये गये, उन्हें डिजिटल प्रमाणपत्र दिये गये। इस प्लेटफॉर्म को अब विस्तृत किया जा रहा, ताकि भारत के सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम को समर्थन दिया जाए। प्रधानमंत्री मोदी का मानना है कि को-विन पूरी दुनिया के लिये आदर्श है और मैं इससे सहमत हूं। ●●●



# अभूतपूर्व और ऐतिहासिक

## कांग्रेस सरकार में बेघर किये गए छत्तीसगढ़ियों ने घेरा विधानसभा



भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री नहीं, पूरे कांग्रेस का खजांची मुख्यमंत्री हैः रघुवर दास

आंदोलन में दिखा जन आक्रोश बता रहा है कि दुखी जनता प्रदेश में सरकार बदल देगीः ओम माथुर





पिछले 15 मार्च को रायपुर एक ऐतिहासिक दिन का गवाह बना जब छत्तीसगढ़ के एक लाख से अधिक लोगों ने, ऐसे लाभार्थियों के साथ जिन्हें पीएम आवास से वंचित किया गया है, रायपुर विधानसभा को घेर लिया। प्रदेश भाजपा के आह्वान पर एकत्र हुई जनता ने साफ-साफ यह सन्देश दिया है कि प्रदेश की आशा और आकांक्षाओं का दमन करने वाली, उसके सपनों को छलने वाली, उसकी भावनाओं से खिलवाड़ करने वाली, छत्तीसगढ़ के 16 लाख से अधिक लोगों के सर से छत छीन लेने वाली, उन्हें स्वच्छ जल समेत मूलभूत सुविधाओं से वंचित करने वाली, जनता से विश्वासघात करने वाली भूपेश सरकार को अब क्षण भर भी वे सहन करने तैयार नहीं है। जन आक्रोश से बौखलाई भूपेश बघेल सरकार ने बर्बरता की सीमा लांघते हुए हजारों जनता की भीड़ पर गोले बरसाए। ऐसी गैर जिम्मेदाराना और गैर पेशेवर तरीके से पुलिस ने कारवाई की जिससे यह लगता था कि कांग्रेस की मंशा जान-बूझ कर ऐसे हालात पैदा करने की थी जिससे बड़ी संख्या में जन हानि हो। लेकिन भाजपा के अनुशासित कार्यकर्ता और प्रदेश की जनता की जितनी प्रशंसा की जाय वह कम है कि उन्होंने संयम का परिचय दिया, इतना बड़ा आंदोलन कांग्रेस की बर्बर सरकार के बावजूद भी शांतिपूर्ण रहा।

## 2023 में भाजपा की सरकार बनने पर मुख्यमंत्री सबसे पहले लंबित प्रधानमंत्री आवास सूची में हस्ताक्षर करेंगे : अरुण साव

## प्रधानमंत्री आवास गरीबों का हक है, जिसके लिए भाजपा संघर्ष कर रही हैः डॉ. रमन सिंह









इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने मोर आवास मोर अधिकार आंदोलन की सफलता के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं एवं प्रदेश से आए हितग्राहियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश के गरीब हितग्राहियों को आवास के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं के विधानसभा घेराव का कार्यक्रम सफल रहा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास से वंचित हितग्राहियों के आक्रोश से स्पष्ट है कि छत्तीसगढ़ की जनता ने बदलाव का मन बना लिया है और प्रदेश के इस चार्ज शीटेड सरकार को उखाड़ फेकेंगी। नरेंद्र मोदी जी जनता के आशीर्वाद से 2014 में देश का प्रधानमंत्री बने और उसके बाद ही देश की गरीब जनता को आवास देने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरुआत की। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत छत्तीसगढ़ की जनता को घर मिलना था वह मुख्यमंत्री रोकने का काम कर रहे हैं। यह गरीब विरोधी सरकार है और ऐसी सरकार को आने वाले समय में सबक सिखाना होगा।

भाजपा प्रदेश प्रभारी ओम माथुर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के गरीब हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास से वंचित करने का काम प्रदेश की झूठी सरकार ने की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार को चैन से बैठने देने नहीं देंगे। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बदलनी है उन्हें दोबारा यहां सरकार नहीं बनाने देनी है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित 35 जिलों से आए हुए हितग्राहियों का चरण धोकर स्वागत किया। आवासहीन हितग्राहियों ने अरुण साव जी के साथ काले गुब्बारे उड़ाकर सरकार का विरोध किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विधानसभा में बैठे-बैठे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जानकारी ले रहे हैं कि भाजपा के विधानसभा घेराव में कितने लोग आए हैं, और जैसे-जैसे उनको पता चल रहा है कि भाजपा के इस आंदोलन में बड़ी संख्या में हितग्राही, भाजपा कार्यकर्ता आ रहे हैं वे पसीना-पसीना हो गए हैं। उन्होंने कहा कि देश को आजाद हुए 75 साल हो गए जिसमें देश में 55 से










60 साल तक कांग्रेस की सरकार रही है और कांग्रेस की प्राथमिकता में कभी गांव, गरीब, किसान नहीं रहे। कांग्रेस ने कभी गांव, गरीब, किसान की चिंता नहीं की। जब अटल बिहारी वाजपेयी जी देश के प्रधानमंत्री बने तब देश में विकास की शुरुआत हुयी। प्रधानमंत्री सड़क बनाकर देश को जोड़ने का काम अटल जी ने की थी। उन्होंने कहा कि 2500 रुपए में धान खरीदने की बात करने वाले भूपेश बघेल यह क्यों नहीं बताते कि 2500 रुपए में से 2100 रुपए देने का कार्य केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा का जो मुख्यमंत्री बनेगा वह मुख्यमंत्री निवास में जाने से पहले लंबित प्रधानमंत्री आवास सूची में हस्ताक्षर करेगा। बेरोजगार युवाओं के साथ ठगी, प्रधानमंत्री आवास से वंचित हितग्राहियों से ठगी, किसानों से ठगी, महिला स्व सहायता समूह की बहनों से ठगी करने का कार्य भूपेश बघेल की सरकार ने किया है।

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने कहा कि प्रदेश की भ्रष्ट सरकार को चेतावनी देने यहां लाखों लोग आये हैं। यह आवास गरीब जनता का अधिकार है और प्रदेश की जनता को 16 लाख आवास देना ही पड़ेगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का आवास देने के लिए केंद्रीय मंत्रियों ने चिट्ठी लिख कर भी प्रदेश की कांग्रेस सरकार को इस विषय से अवगत कराया था, लेकिन प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया और ना ही प्रधानमंत्री आवास के लिए गरीब हितग्राहियों को राज्यांश दिया, जिसके कारण उनके कैबिनेट के मंत्री ने अपने विभाग से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शराबबंदी की बात करने वाले भूपेश बघेल सरकार हर तरफ घोटाला कर रही है। कोयले में दलाली खा रहा है। ईडी और आईटी के छापे में इनके अधिकारी जेल में हैं। शराबबंदी की बात करने वाले भूपेश बघेल प्रदेश में शराबबंदी नहीं करा पाए बल्कि घरों में शराब पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित हितग्राहियों के लिए यह आंदोलन पंचायत स्तर से चालू होकर आज प्रदेश स्तर पर हो रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता कहते हैं कि उनके पास

## कवर स्टोरी







घर नहीं है और प्रदेश के मुख्यमंत्री प्रदेश की 16 लाख गरीबों का आवास छीनने का काम कर रहें हैं। प्रदेश में विकास का काम ठप पड़ा हुआ है सड़क नहीं पुल नहीं पुलिया नहीं सिर्फ नरवा गरवा घुरवा बाड़ी यही है प्रदेश सरकार की चिन्हारी। प्रधानमंत्री आवास गरीबों का हक है जिसके लिए प्रदेश के गरीब हितग्राही संघर्ष कर रहे हैं।

नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि विधानसभा घेराव के इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश के कोने-कोने से प्रधानमंत्री आवास के हितग्राही एवं भाजपा के कार्यकर्ता आए हैं। उन्होंने कहा कि जब सदन चल रहा था अभी भी सदन चालू है हम लोगों ने आज फिर से प्रधानमंत्री आवास योजना पर चर्चा की मांग किया लेकिन फिर भी इस पर कोई चर्चा प्रदेश सरकार ने नहीं की। शर्म आनी चाहिए ऐसी सरकार को जो 16 लाख से ज्यादा हितग्राही को प्रधानमंत्री आवास से वंचित करने का काम कर रही है।

पूर्व सांसद रामविचार नेताम ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के गरीब जनता की हितों को देखते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना संचालित किया है



जिसका लाभ प्रदेश की जनता को प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की वजह से नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश की गरीब जनता का शौचालय नहीं बन पाया है, आवास नहीं बन पाया है यह प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की वजह से नहीं बन पाया है।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि प्रदेश में जब से कांग्रेस की सरकार आई है तब से पूरे प्रदेश में विकास के कार्य ठप पड़े हुए हैं। यह सरकार केवल घोषणा करती है जो जमीनी हकीकत से कोसों दूर है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश को 16 लाख आवास दिए गए जिसे प्रदेश की कांग्रेस सरकार नहीं बना सकी है। अपने साढ़े 4 साल के कार्यकाल में प्रदेश की कांग्रेस सरकार एक भी आवास नहीं बनवा पायी है।

पूर्व मंत्री सुश्री लता उसेंडी ने कहा कि छत्तीसगढ़ महतारी आज रो रही है। गरीब लोगों का आवास जीने का काम प्रदेश की कांग्रेस और उसकी सरकार ने किया है आज हर कोई कह रहा है कि ऐसा कोई सगा नहीं जिसको भूपेश बघेल ने ठगा नहीं। समाज के हर वर्ग को इन साढ़े 4 वर्षों में प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने छला है।

कार्यक्रम के आरंभ में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव ने प्रदेश के सभी जिलों से आए हितग्राहियों का पैर धोकर उनका स्वागत किया तथा उनके छोड़े साथ मिलकर काले गुब्बारे भी छोड़े। विधानसभा के घेराव के दौरान पुलिस द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं एवं हितग्राहियों के ऊपर आंसू गैस छोड़ा गया, जिसमें अनेक कार्यकर्ता घायल हो गए। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री व मोर आवास मोर अधिकार आंदोलन के संयोजक



विजय शर्मा ने किया।

विधानसभा घेराव में प्रदेश सह प्रभारी नितिन नबीन, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नंदकुमार साय समेत बड़ी संख्या में सासंद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, जिलाध्यक्ष, पूर्व जिलाध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष, प्रकोष्ठ अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।



### प्रेस वार्ता में बोले प्रदेशाध्यक्ष

# विधानसभा परिसर को जलियांवाला बाग बनाने का षड्यंत्र था!

- मोर आवास मोर अधिकार अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के आयोजन में इतिहास रचा है। कांग्रेस की झूठी सरकार के समक्ष जनता ने एक ऐसा बड़ा धमाका कर दिया है जिसकी गूंज कांग्रेस के नेताओं को हमेशा सुनाई देती रहेगी।

- कांग्रेस सरकार ने तमाम असंवैधानिक तरीके अपनाए, जगह-जगह रास्ता रोकने के लिए बड़े-बड़े प्रबंध किए, लेकिन कांग्रेस सरकार के सारे प्रबंध जनता ने ध्वस्त कर दिए। जनता अब कांग्रेस को विदा करके ही चैन की सांस लेगी।

- प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों द्वारा किया गया प्रदर्शन कांग्रेस की विदाई का शंखनाद है।

- प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को भाजपा विश्वास दिलाती है कि उनका अधिकार दिलाते तक भाजपा साथ खड़ी रहेगी।

- 2023 में भाजपा की सरकार बनते ही मुख्यमंत्री, सीएम आवास बाद में जाएंगे। पहले हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास देने के दस्तावेज पर हस्ताक्षर करेंगे।

- जिस प्रकार कांग्रेस की भूपेश सरकार ने हितग्राहियों के साथ बर्बरता की है लाठीचार्ज किया है, यहां तक कि आंसू गैस के नाम पर, बम भी फेके हैं यह बेहद कायरता पूर्ण कदम है।

- कांग्रेस अब हताश और निराश हो चुकी है। हजारों की भीड़ के बीच ऐसे बम फोड़े जाना कई लोगों की जान को खतरे में डाल सकता था।

- भूपेश सरकार भाजपा कार्यकर्ताओं से इतना भयभीत हो गई है कि, बस्तर क्षेत्र में टारगेट किलिंग करवा रही है। धर्मांतरण का विरोध करने पर झूठे मामले बनाकर जेल में डाल रही है। भाजपा कार्यकर्ताओं पर राजनीतिक मामले होने के बावजूद जिला बदर की कार्रवाई कर रही है।

- आंदोलन में पुलिस द्वारा आंसू गैस के नाम पर जो विस्फोटक बम फेंके गए उसमें बेमेतरा के भाजपा कार्यकर्ता केशव साहू बुरी तरह झुलस गए हैं। अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है।

- भूपेश बघेल जी यह समझ लें कि भाजपा के कार्यकर्ता इन कायरता पूर्ण हरकतों से डरने वाले नहीं हैं।

- भाजपा के कार्यकर्ताओं का अभिनंदन कि उन्होंने गरीबों को उनका हक दिलाने के लिए बड़ी संख्या में शामिल होकर आंदोलन को सफल बनाया। ●●●

# भाजपा आम जनता की पार्टी है, कार्यकर्ता भ्रष्ट कांग्रेस को उखाड़ फेंकने तैयार




**भाजपा के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर और सह प्रभारी श्री नितिन नबीन ने अपने व्यस्त प्रवास के दौरान प्रदेशभर में अनेक बैठकों में शामिल होकर कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार किया। इस अवसर पर सभी संभागों में अलग-अलग बैठकें आयोजित की गई।**

## रायपुर

चंपारण में आयोजित रायपुर संभागीय बैठक में प्रदेश भाजपा प्रभारी ओम माथुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आम आदमी की पार्टी है और आम जनता की पार्टी है। पिछले 8 साल में हमारे नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमारे देश का नाम बढ़ाया है। देश का गौरव बढ़ाया है। देश समर्थ हुआ है। आत्म निर्भर हुआ है। अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है और प्रत्येक कार्यकर्ता का इससे समाज में सम्मान बढ़ा है। भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता जमीन पर कार्य करके इस भ्रष्ट भूपेश बघेल सरकार को उखाड़ कर फेंक देगा।

भाजपा के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर ने कहा कि मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम को जनता का जबरदस्त समर्थन मिला है भाजपा का कार्यकर्ता छत्तीसगढ़ के घर-घर गया है और गरीब जनता के आवास की लड़ाई के इस अभियान में 15 मार्च को विधानसभा का ऐतिहासिक घेराव होगा। भारतीय जनता पार्टी सामाजिक समरसता और अंतिम आदमी के उत्थान की दिशा में काम करने वाली पार्टी है। छत्तीसगढ़ में हमारा कार्यकर्ता और हमारा संगठन बेहद मजबूत है। हम संघर्ष की आग में तपकर आगे बढ़े हैं। किसी भी दमन को मिटा देने का हौसला और दमखम हमारे कार्यकर्ता में है। आगामी चुनाव में छत्तीसगढ़ की किस्मत पलटने वाली है। यहां से कांग्रेस सरकार का भ्रष्ट साया हटने वाला है और इसके लिए भाजपा का हर एक कार्यकर्ता तैयार है।

रायपुर संभागीय बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने कहा कि अटल बिहारी बाजपेयी जी ने छत्तीसगढ़ का निर्माण यहां का विकास करने और गरीबी दूर करने के लिए किया था और उनकी भावना के अनुरूप हमारी सरकार ने 15 वर्ष तक बेहतर कार्य करते हुए छत्तीसगढ़ का विकास किया। यहां का पिछड़ापन दूर किया। गरीबी दूर की। अशिक्षा दूर की। किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली दी। वनवासी इलाकों में बिजली, सड़क, पानी, शिक्षा, आय के साधन पहुंचाए। गरीबों को एक रुपये किलो में चावल दिया। वनवासियों के चरणों में पादुकाएं पहनाईं। बेटियों की शिक्षा से लेकर कन्यादान योजना क्रियान्वित कीं। सामाजिक उत्थान के कार्य किए। परंतु वर्तमान कांग्रेस सरकार छत्तीसगढ़ को लूट रही है। छत्तीसगढ़ को भ्रष्टाचार और नक्सलवाद का गढ़ बना दिया गया

है। भाजपा के कार्यकर्ताओं को मेहनत करके इस भ्रष्ट सरकार को जड़ से उखाड़ कर फेंकना है ताकि अटल बिहारी वाजपेयी जी के सपनों का छत्तीसगढ़ बन सके।

भाजपा की रायपुर संभाग बैठक में प्रदेश महामंत्री विजय शर्मा, संभाग प्रभारी सौरभ सिंह, भाजपा वरिष्ठ नेता गौरी शंकर अग्रवाल,प्रदेश कोषाध्यक्ष नंदन जैन , पूर्व मंत्री प्रदेश प्रवक्ता राजेश मूणत ,खूबचंद पारख,चंद्रशेखर साहू, प्रदेश प्रवक्ता केदार गुप्ता, दीपक महस्के सहित संभाग के सभी जिलों के भाजपा पदाधिकारी व वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। सम्मेलन में 15 मार्च को होने वाले विधानसभा घेराव कार्यक्रम की विस्तृत रणनीति तैयार की गई।

## बिलासपुर

## संकल्प विजय का

भारतीय जनता पार्टी बिलासपुर संभाग की संभागीय बैठक बिलासपुर स्थित यश पैलेस में सम्पन्न हुई। बैठक में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद अरूण साव, छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी ओमप्रकाश माथुर, छत्तीसगढ़ प्रदेश के सहप्रभारी नीतिन नवीन, चांजगीर-चांपा सांसद गुहाराम अजगले, रायगढ़ सांसद गोमती साय, पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, बिलासपुर संभाग प्रभारी किरण देव, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष निर्मल सिन्हा, लखन देवांगन, प्रदेश महामंत्री विजय शर्मा, ओपी चौधरी, बिलासपुर संभाग सहप्रभारी अनुराग सिंहदेव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**भाजपा प्रदेश सहप्रभारी नीतिन नवीन ने कहा कि हमारे मंडल शक्ति केन्द्र बूथ एवं पन्ना प्रभारी स्तर के कार्यकर्ता ही हमारी पार्टी को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी होने का गौरव दिलाते हैं।**

संभागीय बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सांसद अरूण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता अब इस भ्रष्ट और निकम्मी सरकार से तंग आ चुकी है और बड़ी आशा की नजरों से भारतीय जनता पार्टी की ओर निहार रही है। छत्तीसगढ़ गवाह बना है जब 24 अगस्त को हजारों की तादात में छत्तीसगढ़ के युवाओं ने बेरोजगारी भत्त और रोजगार की मांग को लेकर मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया। छत्तीसगढ़ गवाह बना है जब 9 सितम्बर को हजारों की संख्या में बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की उपस्थिति में विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए। छत्तीसगढ़ गवाह बना जब हजारों की संख्या में हमारी माताएँ बहने शराब बंदी की मांग को लेकर एवं छत्तीसगढ़ में बढ़ते अपराध के मुद्दे को लेकर महतारी हुंकार रैली के माध्यम से इसी बिलासपुर की सड़कों पर उतरी थी। भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा के साथ इस माफिया राज वाली भूपेश सरकार के साथ लड़ाई लड़ रहा है। ईडी द्वारा भ्रष्ट अधिकारी एवं नेताओं के घर मारे गए छापों पर मुख्यमंत्री क्यों इतना तिलमिला जाते है। ईडी के छात्रों के बाद हुई गिरफ्तारियों और गिरफ्तारी के बाद कोर्ट द्वारा जमानत न दिया जाना यह स्पष्ट करता है कि दाल में जरूर कुछ काला है। छत्तीसगढ़ में कोई वर्ग नहीं है जिसे इस सरकार ने लूटा नही है। प्रदेश के सभी जिलों में शासकीय, अर्धशासकीय, अधिकारी, कर्मचारी



धरने में बैठे है। छत्तीसगढ़ की जनता को इस भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने का निर्णय कर लिया है और आगामी चुनाव में हमारे कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ताओं के बल पर हम पुनः छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाकर श्रद्धेय अटल जी के सपनों के अनुरूप एक खुशहाल और विकसित प्रदेश बनायेंगे।

भाजपा छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी श्री ओमप्रकाश माथुर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी होने का गौरव प्राप्त है। आज देश के सबसे ज्यादा जनप्रतिनिधि हमारे पार्टी के है और इसका पूरा श्रेय हमारे देवतुल्य कार्यकर्ताओं को जाता है। भारतीय जनता पार्टी आज जिस स्थिति में है वह जनसंघ के जमाने से आज तक लाखों लाख कार्यकर्ता के समर्पण, त्याग और निष्ठा का परिणाम है। आज छत्तीसगढ़ के कार्यकर्ताओं के पास अवसर है प्रदेश में बढ़ते धर्मांतरण, नक्सलवाद, अपराध एवं माफिया राज से बचाने का। हमारे कार्यकर्ता विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लगातार जनता के बीच जा रहे है। मोर आवास मोर अधिकार आंदोलन की सफलता भी आप सभी की बदौलत है। हमारे कार्यकर्ता गांव-गांव गए और वहॉं लोगों से संपर्क किया। प्रदेश की जनता इस निकम्मी सरकार से परेशान है। इस सरकार ने गरीबों से उनका घर छीना है। माताओं से उनका अधिकार छीना है, बुजुर्गो से उनका अधिकार छीना है ऐसे कोई भी वर्ग नही है जिसे इस लूटेरी सरकार ने लूटा नही है। अब हमे आवश्यकता है कमर कस लेने की हमारे कार्यकर्ता जनता तक पहुँचे बूथ-बूथ जाकर इस सरकार के काले कारनामें उजागर करें। छत्तीसगढ़ की जनता तैयार बैठी है, इस सरकार को उखाड़ फेकने लिए। श्री माथुर ने बिलासपुर संभाग से आए भाजपा पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए संगठनात्मक कार्यो की समीक्षा की एवं आगामी कार्यक्रमों को बहुत ही प्रभावी रूप से करने का आव्हान किया।

भाजपा प्रदेश सहप्रभारी नीतिन नवीन ने कहा कि हमारे मंडल शक्ति केन्द्र बूथ एवं पन्ना प्रभारी स्तर के कार्यकर्ता ही हमारी पार्टी को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी होने का गौरव दिलाते है।

### तीन राज्यों के नतीजों का संकेत 5 राज्यों के आगामी चुनाव में भाजपा की सरकार ही बनेगी

भाजपा के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर ने बिलासपुर पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि मेघालय तथा नागालैंड में चुनाव परिणाम को लेकर उन्होंने कहा कि कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा तथा हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा का कोई असर नहीं दिखा। 3 राज्यों के चुनाव परिणाम ने बता दिया है कि आगामी नवंबर माह में होने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा को सफलता मिलेगी और छत्तीसगढ़ में भी भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी।

छत्तीसगढ़ के चुनावों में अब कुछ महीने ही शेष है अतः हमें बूथ स्तर तक जाकर अपनी तैयारियों सुदृढ़ करने की आवश्यकता है जिसके लिए पार्टी द्वारा आगामी कार्यक्रम तय किए गए है जिसमें विस्तारक योजना के माध्यम से हमारे कार्यकर्ता विस्तारक बनकर प्रत्येक शक्ति केन्द्र एवं बूथ में जाकर सशक्तीकरण का कार्य करेंगे। उन्होंने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज छत्तीसगढ़ में हर चीज में कमीशन का काला खेल चल रहा है। पूरी सरकार ही ऊपर से नीचे तक भ्रष्टाचार में लिप्त है। छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिलों एवं विधानसभाओं में मोर आवास मोर अधिकार आंदोलन को प्रदेश की जनता ने हाथों हाथ लिया है। 16 लाख गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास को प्रदेश सरकार द्वारा रोक कर रखा गया है जिसके लिए पार्टी जल्द ही एक प्रदेश स्तरीय बड़ा आंदोलन करेगी।

उक्त बैठक में बिलासपुर संभाग के अंतर्गत बिलासपुर, मुंगेली, गौरेला पेण्ड्रा मरवाही, कोरबा, जांजगीर चांपा, सक्ति, रायगढ़, बिलाईगढ़ सारंगढ़ जिले के भाजपा जिला संगठन प्रभारी सहप्रभारी, भाजपा जिलाध्यक्ष, महामंत्री, प्रदेश पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, भाजपा मंडल अध्यक्ष महामंत्री शामिल हुए।

## सरगुजा

### सरगुजा संभाग से बनेगी छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार

छत्तीसगढ़ भाजपा संगठन प्रभारी ओम माथुर के मुख्य आतिथ्य में भाजपा सरगुजा संभाग के प्रमुख पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय पी.जी. कॉलेज ऑडिटोरियम अम्बिकापुर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, केन्द्रीय जनजातीय कल्याण राज्य मंत्री श्रीमती रेणुका सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णु देव साय, पूर्व जनजातीय आयोग राष्ट्रीय अध्यक्ष नन्द कुमार साय, पूर्व राज्य सभा सांसद रामविचार नेताम, भाजपा सरगुजा संभाग प्रभारी संजय श्रीवास्तव तथा भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती उधेश्वरी पैंकरा की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। सरगुजा संभाग के अपने प्रथम प्रवास पर पधारे छत्तीसगढ़ भाजपा प्रभारी श्री माथुर ने उपस्थित सरगुजा संभाग के भाजपा पदाधिकारियों का परिचय लिया तथा संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर बैठक में भाजपा पदाधिकारियों की अच्छी उपस्थिति से खुश होकर सरगुजा के भाजपा संगठन की तारीफ करते हुए श्री माथुर ने कहा कि सरगुजा के परिश्रमी, ऊर्जावान भाजपा कार्यकर्ताओं के दम पर सरगुजा सहित पूरे छत्तीसगढ़ में परिवर्तन होगा तथा इस बार सरगुजा संभाग से ही भाजपा की सरकार बनेगी। आगे उन्होंने बूथ सशक्तिकरण अभियान पर बल देते हुए सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को इसे सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि बूथ जीते तो सब जीते अर्थात् प्रत्येक कार्यकर्ता अपना बूथ जितने का प्रण ले लें तो हम चुनाव जीत जायेंगें।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार सभी मोर्चे पर असफल साबित हुई है। भूपेश बघेल के राज में अपराध, नशाखोरी, सूदखोरी, भू-माफिया और रेत माफ़ियाओ का आतंक चरम पर है। प्रदेश में नक्सल घटनाओं में तेजी से वृद्धि हो रही है। आगे उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार निर्मम संवेदनहीन और लोकतन्त्र की हत्यारी सरकार है, अब इस भ्रष्ट कांग्रेसी सरकार की जड़ें खोखली हो चुकी है, जिसे भाजपा के कार्यकर्ताओं ने इसे उखाड़ फेकने का संकल्प ले लिया है। ●●●

# मोदीजी ने आदिवासियों के कल्याण की सबसे अधिक चिंता की : जगत प्रकाश नड्डा



कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी चार 'विजय संकल्प' रथयात्राएं निकाल रही है। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा ने एक मार्च, 2023 को कर्नाटक में चामराजनगर के प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक माले महादेश्वर मंदिर मैदान से भाजपा के राज्यव्यापी विजय संकल्प रथयात्रा का शुभारंभ किया और पहली रथयात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दूसरी विजय संकल्प रथयात्रा को केंद्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह बेलगावी से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसी तरह, दो और विजन संकल्प रथयात्रा को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये चारों विजय संकल्प रथयात्राएं 20 दिनों तक चलेंगी और इस दौरान लगभग 8,000 किमी की दूरी तय करते हुए प्रदेश के सभी 224 विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी। भारतीय जनता पार्टी विजय संकल्प रथयात्रा के दौरान लगभग 75 जनसभाएं और 150 रोड-शो करेगी और लोगों को पार्टी के 'विजय संकल्प अभियान' के साथ जोड़ेगी

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा ने एक मार्च, 2023 को कर्नाटक में चामराजनगर के प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक माले महादेश्वर मंदिर मैदान से भाजपा के राज्यव्यापी विजय संकल्प रथ यात्रा का शुभारंभ किया और और पहले रथ यात्रा को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। वे स्वयं कुछ दूर तक विजय संकल्प रथ पर सवार होकर चले भी और कार्यकर्ताओं का भरपूर उत्साहवर्धन किया। विजय संकल्प रथ पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री श्री बसवराज बोम्मई, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री श्री बी.एस. येदियुरप्पा, केंद्रीय मंत्री सुश्री शोभा करंदलाजे सहित भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित थे। भाजपा की विजय संकल्प यात्रा के शुभारंभ के पश्चात् श्री नड्डा ने सोलिगा ट्राइबल्स के साथ संवाद किया। पूरे कार्यक्रम में कर्नाटक के मुख्यमंत्री श्री बसवराज बोम्मई, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री श्री बी.एस. येदियुरप्पा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री नलिन कटील और केंद्रीय मंत्री सुश्री शोभा करंदलाजे कई विधायक, विधान पार्षद एवं पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में आदिवासी महिलाओं ने भी अपने विचार रखे।

सोलिगा समुदाय से संवाद करते हुए भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि कर्नाटक में बनने वाली भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन वाली सरकार सोलिगा समुदाय की सभी समस्याओं के स्थायी निदान की दिशा में काम करेगी। मैं आज यह जोर देकर एक बार फिर कहना चाहता हूं कि आदिवासियों के कल्याण की सबसे अधिक चिंता किसी ने की है और उनके कल्याण के लिए काम किया है तो वे केवल और केवल प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी हैं। आज भारत सरकार में 12 दलित मंत्री, 27 ओबीसी मंत्री और 8 आदिवासी समुदाय से मंत्री हैं। हमारे कई राज्यपाल भी आदिवासी समुदाय से हैं। आज भारत की राष्ट्रपतिजी भी देश की एक आदिवासी बेटी श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी हैं। ऐसा आजादी के बाद पहली बार हुआ है।

श्री नड्डा ने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने देश के ट्राइबल बजट में लगभग 190 प्रतिशत की वृद्धि की है। कांग्रेस की यूपीए सरकार के दौरान 2013 में देश का ट्राइबल बजट लगभग 4,295 करोड़ रुपये का बजट था, जोकि आज श्री नरेन्द्र मोदी सरकार में बढ़कर 12,461 करोड़ रुपये हो गया है। एकलव्य मॉडल रेसिडेंशियल स्कूलों के लिए लगभग 38,800 शिक्षकों की भर्ती का प्रावधान इस बार के आम बजट में किया गया है। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार में अलग से ट्राइबल मिनिस्ट्री और नेशनल कमीशन फॉर शेड्यूल कास्ट एंड शेड्यूल ट्राइब का भी गठन किया गया। पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देने का कार्य भी श्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने किया है। इतना ही नहीं, हमारी सरकार ने आदिवासी बच्चों की प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक स्कॉलरशिप में भी इजाफा किया है। नेशनल फेलोशिप प्रोग्राम के तहत भी युवा छात्रों को आर्थिक मदद दी जा रही है। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत लगभग 9,500 गांवों को विकसित करने के लिए लगभग 3,584 करोड़ रुपये खर्च किये जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर 15 नवंबर को भगवान् बिरसा मुंडा जी की जयंती को पूरे देश में आदिवासी गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। नेशनल ट्राइबल रिसर्च इंस्टीट्यूट के साथ-साथ देश में लगभग 27 ट्राइबल रिसर्च सेंटर स्थापित किये जा रहे हैं। ट्राइबल में प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने के लिए भी कई कार्य हमारी सरकार द्वारा किये जा रहे हैं। ट्राइबल सब-प्लान पर भी काम किया जा रहा है। ●●●



**भाजपा के बूथ सशक्तीकरण अभियान के तहत, प्रदेश पदाधिकारी, जिला प्रभारी सह और प्रभारी जिलाध्यक्ष की बैठक संपन्न हुई। बैठक में भाजपा प्रदेश राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश जी, पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप, विजय शर्मा, ओपी चौधरी मौजूद थे।**

## सिकासेर बांध का पानी नहर के माध्यम से सूखे खेतों एवं जलाशयों में लाया जाए : भाजपा

भाजपा सांसद चुन्नीलाल साहू, रायपुर संभाग प्रभारी सौरभ सिंह, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं किसान नेता संदीप शर्मा के नेतृत्व में प्रभावित किसान भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर से प्रदेश के कृषि एवं सिंचाई मंत्री के निवास का घेराव करने के लिए निकले। इस दौरान सांसद चुन्नीलाल साहू ने कहा कि गरियाबंद एवं महासमुंद जिले के किसान सिकासेर बांध के पानी की मांग को लेकर पैदल यात्रा करते यहां तक आए हैं। कृषि एवं सिंचाई मंत्री रविंद्र चौबे से मिलकर महासमुंद व गरियाबंद जिले के सूखाग्रस्त खेतों एवं जलाशयों के लिए सिकासेर बांध का अतिरिक्त पानी जो व्यर्थ में बहा दिया जाता है, उसे नहर के माध्यम से सूखे खेतों एवं जलाशयों में लाने की मांग भाजपा द्वारा लगातार की जाती रही है। लेकिन प्रदेश के सिंचाई मंत्री और प्रदेश सरकार के नुमाइंदे इस विषय पर कोई कुछ नहीं करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सूखाग्रस्त खेतों को पानी दिलाने के लिए भाजपा ने पिछले 2 वर्षों से इस बात को सरकार के सामने रखा तब कहीं जाकर प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने बजट में इसके लिए 1 करोड़ रुपए सर्वे के लिए जोड़ा लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि इस किसान विरोधी सरकार ने इसके लिए कोई वित्तीय स्वीकृति नहीं दी।

## देश के विकास से दुखी होती है कांग्रेसः साव

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि भारत का विकास कांग्रेस को पसंद नहीं आता। 55 साल सत्ता में रहते हुए कांग्रेस न देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत कर पाई, न देश का विकास कर सकी, आज मोदी जी के नेतृत्व में भारत देश तेज गति से विकास कर रहा है पिछड़े, वंचित, शोषित व्यक्ति के जीवन में सुधार हो रहा है तो कांग्रेस को पेट में दर्द हो रहा है क्योंकि कांग्रेस ने लोगों को हमेशा गरीबों को वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया है उनका विकास कभी नहीं चाहा।

श्री अरुण साव ने कहा 55 साल के शासन में कांग्रेस गरीबों को न घर दे पाई, न बिजली दे पाई, न घर में नल दे पाई, न गैस का कनेक्शन दे पाई, न शौचालय दे पाई, न के खाते खुलवा सकी ना उन्हें राशन दे सकी, न 5 लाख तक का मुफ्त इलाज दे सकी, मोदी सरकार में केवल 9 वर्षों में गरीबों को यह सब कुछ मिल चुका है देश के गरीबों के जीवन स्तर में हो रहे सुधार से कांग्रेस बेहद दुखी है क्योंकि उन्होंने गरीबों को हमेशा वोट बैंक बनाकर इस्तेमाल किया है।

श्री अरुण साव ने कहा कि कांग्रेस की कथनी और करनी में जमीन और आसमान का अंतर रहा है, इंदिरा गांधी के समय से नारे सुनते आए है गरीबी हटाओ, गरीबी हटाओ, लेकिन कांग्रेस ने 55 सालों में अपने नारे के विपरीत गरीबों का शोषण किया है अगर खड़गे जी और कांग्रेस पार्टी को गरीबों की जरा सी भी चिंता है तो 16 लाख गरीबों का मकान छीनने वाले कांग्रेस के छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री को बर्खास्त करते जाएं।

## 2800 में धान खरीदी का वादा मात्र छलावा: द्विवेदी

भारतीय जनता पार्टी सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शशिकांत द्विवेदी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के अठाईस सौ रुपया धान का मूल्य आने वाले समय में दिए जाने की बातों का पलटवार करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी अभी तक आपने तो 2500 प्रति क्विंटल की दर से ही धान की खरीदी नहीं की है तो किस मुंह से बात करते हैं कि आने वाले समय में 2800 प्रति क्विंटल की दर से किसानों की धान खरीदी की जाएगी।

श्री द्विवेदी ने आंकड़ों सहित बताया कि वर्ष 2020-21 में पूरे प्रदेश के किसानों से कुल धान की खरीदी 92 लाख 02 हजार 392 मैट्रिक टन की गई थी जिसमें 66 लाख 76 हजार 376 मैट्रिक टन मोटा तथा सरना धान और 25 लाख 26 हजार 16 मीट्रिक टन पतला धान की खरीदी की गई थी जिसके अंतर की राशि कामन धान का 632 की दर से एवं पतला धान का 612 की दर से कुल रुपए 5765 करोड़ 39 लाख 15 हजार 524 रुपए भुगतान किया जाना था किंतु किसानों के खाते में मात्र 5529 करोड़ 31 लाख की राशि ही अंतरित की गई ।इस प्रकार पूरे प्रदेश में लगभग 237 करोड़ रुपए की कम राशि का भुगतान तत्समय किसानों को किया गया था। साथ ही 2019-20 में भी लगभग 105 करोड़ की कम राशि का भुगतान किसानों के खाते में किया गया । इस प्रकार आंकड़े बताते हैं कि 2500प्रति क्विंटल की दर से अभी तक किसानों को भुगतान नहीं किया गया है। वर्ष 2021_22 में जो धान खरीदी की गई है उसके अंतर की चौथी किस्त की राशि का कोई अता पता ही नहीं है कि उक्त राशि कब मिलेगी।



**किसान विरोधी छत्तीसगढ़ की भ्रष्ट कांग्रेस सरकार के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा जिला-गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में आयोजित किसान आक्रोश रैली में शामिल हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री अरुण साव।**

## उच्च न्यायालय का निर्णय प्रदेश की कांग्रेस सरकार के मुंह पर तमाचा: भाजपा

भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कहा माननीय उच्च न्यायालय ने उनके ऊपर आय से अधिक संपत्ति के मामले में महत्वपूर्ण फैसला दिया है। पिछले लंबे समय से कांग्रेस द्वारा इस मामले में उन पर गंभीर आरोप लगाया गया, उस समय भी उन्होंने कहा था कि सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं। उच्च न्यायालय की डबल बेंच ने इस मामले को तथ्यहीन, निराधार और राजनीति से प्रेरित बताकर खारिज कर दिया है। उच्च न्यायालय ने कहा कि जो दस्तावेज प्रस्तुत किए गए हैं उनके आधार पर कोई आरोप नहीं बनता है। याचिका राजनीति से प्रेरित है। न्यायालीन प्रक्रियाओं का दुरूपयोग किया गया। आधारहीन दस्तावेज और सिर्फ आंकलन के आधार पर याचिका दायर की गई। सभी प्रस्तुत चुनावी शपथ पत्र को भारतीय निर्वाचन आयोग एवं इनकम टैक्स विभाग द्वारा परीक्षण किया गया लेकिन कोई गड़बड़ी नहीं पाई गई। प्रथम दृष्ट्या इस प्रकरण की किसी भी अधिकारिक संस्था से जांच की जरूरत नहीं है।

# सहकारिता, पंचायत, नगरीय निकाय प्रकोष्ठ की बैठक संपन्न




भाजपा सह प्रभारी नितिन नवीन ने भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में सहकारिता प्रकोष्ठ, पंचायत प्रकोष्ठ, नगरीय निकाय प्रकोष्ठ, विधि प्रकोष्ठ सहित "मोर आवास-मोर अधिकार" अभियान के जिला संयोजकों की अलग-अलग बैठकें लीं। दिन भर चली बैठकों में भाजपा सह प्रभारी नितिन नबीन ने प्रकोष्ठों द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए फीडबैक लिए एवं संगठनात्मक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान प्रदेश महामंत्री विजय शर्मा एवं ओपी चौधरी उपस्थित रहे। सहकारिता प्रकोष्ठ के कार्यों की समीक्षा के दौरान उन्होंने सहकारिता संबंधित खेती किसानी के क्षेत्र में प्रदेश सरकार द्वारा चल रही गड़बडियों को जनता के बीच ला कर उजागर करने दिशा निर्देश दिये तथा सहकारी समितियों में नियम विरूध्द बैठे प्राधिकृत अधिकारियों की कारगुजारी जनता के सामने लाने को कहा। बैठक में भंग समिति को गठित करने के लिए आंदोलन किए जाने की रणनीति बनाई गई। इसी तरह नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के प्रदेश भर से आए पदाधिकारियों को निकायों में संपत्तिकर बढ़ोतरी आदि विषयों पर फोकस करने कहा गया।

## बस्तर के साथ अब सरगुजा में भी टारगेट किलिंग की साजिश : अनुराग सिंहदेव

छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव ने सरगुजा के सूरजपुर में भैयाथान के युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अमन प्रताप सिंह पर हमले पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि कांग्रेस की सरकार ने बस्तर में भाजपा नेताओं की टारगेट किलिंग के साथ अब सरगुजा में भी भाजपा नेताओं पर प्राणघातक हमले का ठेका माफिया को दे दिया है, घटना में जिस तरह से अमन एवं अन्य 3 भाजपा कार्यकर्ताओं पर जानलेवा हमला किया गया वो बेहद शातिराना था। बाइक से जा रहे इनलोगो पर पहले तो रेत माफियाओं द्वारा स्कार्पियो चढ़ाने की कोशिश की गई जब वो गिर गए तो रॉड लाठियों से उन्हें बेरहमी से पीटा गया, रेत माफियाओं की गाड़ियों को प्रशासनिक संरक्षण में रेत परिवहन तो खुले आम इस सरकार में हो रहा है किंतु आपत्ति करने वाले भाजपा नेताओं को जान से मारने की कोशिश अब यह सिद्ध करने के पर्याप्त है कि माफियाओ को कांग्रेस सरकार में किस हद तक छूट दी गई है , अपराधियों के हौसले बुलंद हैं किंतु कांग्रेस कितनी भी साजिश कर ले, भाजपा डरने वाली नहीं है। हमने इमरजेंसी में तानाशाही का डटकर मुकाबला किया। दमनकारी कांग्रेस को उखाड़ कर फेंक दिया।

## त्रिपुरा, नागालैंड में जीत मोदी मॉडल का नतीजा : साव

छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने त्रिपुरा और नागालैंड में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत और मेघालय में भी अच्छे नतीजों पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकास मॉडल की जीत बताते हुए कहा है कि कांग्रेस तीनों राज्यों में बुरी तरह पिट गई। यह साबित हो गया है कि देश कांग्रेस मुक्त भारत की तरफ बढ़ गया है। छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस अपने सफाए के लिए तैयार रहे। देश की जनता कांग्रेस के कर्मों और नीतियों की वजह से इस पार्टी से नफरत करने लगी है। उन्होंने कहा कि इन राज्यों के चुनाव में हमारी जीत ने फिर जाहिर कर दिया कि देश की जनता की पसंद केवल भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। त्रिपुरा नागालैंड में भाजपा को समर्थन देकर जनता ने साफ संदेश दिया है कि उसे भ्रष्टाचार मुक्त विकास की राजनीति करने वाली भाजपा ही पसंद है। कांग्रेस को एक बार फिर नकार दिया गया है। तीनों राज्यों में कांग्रेस का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ के कई नेता भी वहां कांग्रेस के तथाकथित भूपेश मॉडल की बात कर रहे थे। जनता ने पहले की तरह फिर से एक बार कांग्रेस का भ्रष्ट मॉडल ठुकरा दिया है। कांग्रेस की हार कांग्रेस मुक्त भारत की तरफ एक और बड़ा कदम है। कांग्रेस के लिए जैसे निराशाजनक परिणाम त्रिपुरा, नागालैंड और मेघालय में आये हैं वैसे ही छत्तीसगढ़ में भी आने वाले हैं। जनता ने तय कर लिया है कि वह भ्रष्टाचार मुक्त और विकास की राजनीति करने वाली सरकार चाहती है। और, यह तो जनता जानती है कि न भय न भूख न भ्रष्टाचार, भाजपा ही दे सकती है अच्छी सरकार।

## जल जीवन मिशन में भ्रष्टाचार, संरक्षण दे रही सरकार: कौशिक

छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि जल जीवन मिशन के संबंध में विधानसभा में प्रश्न लगाया गया था और प्रश्न में भ्रष्टाचार की जो बात आई, जिसमें विभागीय मंत्री जी के द्वारा मुख्य अभियंता अधीक्षण अभियंता कार्यपालन अभियंता सहायक अभियंता की कमेटी बनाई गई, जांच में भ्रष्टाचार की शिकायत को सही पाया गया और बिलासपुर के तत्कालीन ईई को निलंबित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जो गुणवत्ता होनी चाहिए, वह नहीं पाई गई। उसके बाद भी ठेकेदार को भुगतान कर दिया गया। पाइप लाइन जो बिछा नहीं है जो गहराई होनी है वह भी नहीं हुई, उसके बाद भी इस प्रकार से उसमें सही मानक नहीं पाए गए।

मंत्री जी से हम लोगों ने जवाब चाहा कि जो अधिकारी इसका भुगतान किए हैं और भुगतान करने वाले अधिकारी कौन हैं, ठेकेदार कौन हैं, उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की जाएगी ।मंत्री जी जवाब देने से बचते रहे और अंततः उनका जवाब नहीं आया। हम लोगों ने एसआईटी गठन की मांग की। यहां पर इतनी महत्वपूर्ण योजना, घर-घर पानी पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री जी के द्वारा राशि दी गई है, उसकी बंदरबांट हो रही है। पूरे प्रदेश में एसआइटी जांच कराने की मांग हम लोगों ने की और मंत्री अधिकारियों को बचाते रहे और उनके जवाब से असंतुष्ट होकर हमने विरोध किया। भ्रष्टाचार का मामला प्रमाणित हुआ है। अफसर को सस्पेंड किया गया है लेकिन आगे की कार्रवाई करने की जगह उसे बचाने का प्रयास किया जा रहा है।

# राज्यपाल का अपमान कर संसदीय परंपराओं को तोड़ रही है छत्तीसगढ़ सरकार: बृजमोहन

छत्तीसगढ़ विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए राज्यपाल को लेकर असंवैधानिक टिप्पणी की। जिस पर आपत्ति जताते हुए भाजपा विधायकों ने सदन का किया बहिर्गमन किया।

इस पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए भाजपा की वरिष्ठ विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस शासित हमारे छत्तीसगढ़ में सरकार द्वारा सभी संसदीय परंपराओं को तोड़ा जा रहा है।

हमारे संविधान में भी राज्यपाल की भूमिका के ऊपर में कहीं पर भी चर्चा नहीं हो सकती। विधानसभा अध्यक्ष को हटाना है तो हम प्रस्ताव ला सकते हैं, हाई कोर्ट के जज को हटाना है तो महाभियोग लाया जा सकता है। हमारा अधिकार यहीं तक है। परंतु मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी राज्यपाल के अभिभाषण के प्रस्ताव का जवाब देते हुए राज्यपाल की भूमिका पर चर्चा कर रहे हैं, यह राज्यपाल पद का अपमान है। यह देश के संविधान का उल्लंघन है। हमारे विधानसभा अध्यक्ष जी से हम बार-बार आपत्ति कर रहे थे की जो चेयर है उस पर व्यवस्था दे। परंतु राज्यपाल जी की भूमिका पर विधानसभा में चर्चा हो शायद यह देश की किसी विधानसभा में पहली बार हो रहा है। हमारे बार-बार आग्रह करने के बाद भी मुख्यमंत्री जी उस विषय पर चर्चा कर रहे हैं और इसी वजह से हमने मुख्यमंत्री जी के भाषण का बहिष्कार किया है सदन का बहिष्कार किया है।

बृजमोहन ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जानबूझकर अपने तुच्छ स्वार्थों के लिए, अपने राजनीतिक हित के लिए पूरे प्रदेश को गुमराह करने के लिए संवैधानिक राज्यपाल पद का और देश के संविधान का उल्लंघन कर रहे हैं जो निश्चित रूप से गंभीर विषय है। सदन में संविधान का उल्लंघन करने वाली बातें, राज्यपाल पद की अवमानना करने वाली बातें हमारी उपस्थिति में हो तो उसके भागीदार हम भी होंगे। इसलिए हमने सदन का बहिष्कार किया है। उन्होंने कहा संविधान के अनुसार राज्यपाल जी से अगर कोई गलती भी होती है तो राष्ट्रपति को अधिकार है, न की विधानसभा न हाई कोर्ट, सुप्रीम कोर्ट को अधिकार है। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार जब भी संविधान के विरुद्ध काम करेगी तो जो हमें अधिकार हैं उसके तहत हम लड़ेंगे और उसकी शिकायत भी करेंगे और उस पर कार्रवाई करने की मांग भी करेंगे।

# दिवंगत शिक्षकों की विधवाओं को जीवन यापन का हक न देने वाली सरकार को धिक्कार है : सरोज पांडेय

राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पांडेय ने दिवंगत शिक्षकों की विधवाओं को जीवन यापन के लिए सरकार द्वारा अनुकंपा नियुक्ति न दिए जाने पर उनके द्वारा लगातार 4 माह से किए जा रहे अनशन आंदोलन के बाद अब अपने केश का परित्याग करने पर छत्तीसगढ़ सरकार को धिक्कारते हुए कहा है कि जिस शिक्षक का ज्ञान प्राप्त कर बच्चे भविष्य में समाज व राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक भूमिका निभाते हैं, यदि उनकी विधवाओं को जीवन यापन के लिए सरकार उनका हक भी न दे तो धिक्कार है। राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इतने संवेदनहीन मत बनिये कि एक बेसहारा महिला को न्याय के लिए आत्म सम्मान गिरवी रखना पड़े। उन्होंने कहा कि महिलाएं जब केश त्याग के लिए विवश हो तो उस सरकार को समझ लेना चाहिए कि उसका अंत निकट आ गया है। भूपेश बघेल याद रखें कि द्रौपदी के खुले केश ने कौरवों का सर्वनाश करवा दिया था। छत्तीसगढ़ में तो कई विधवा बहनें केश त्याग कर रही हैं, भूपेश बघेल सरकार की क्या दुर्गति होगी।

# न्याय योजना के नाम पर दी गई राशि शराब पिलाकर वापस ले लेती है कांग्रेस : चंदेल

छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि किसानों के नाम पर 61 हज़ार करोड़ रुपए का कर्ज़ लेकर छत्तीसगढ़ को कांग्रेस का एटीएम बना देने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को प्रदेश के किसानों से क्षमा मांगते हुए पश्चाताप यात्रा पर निकलना चाहिए। श्री चंदेल ने कहा कि धान ख़रीदी का लगभग सारा पैसा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार देती है। कथित न्याय योजना के नाम पर छत्तीसगढ़ की सरकार जो पैसे देती है, कांग्रेस की यह बघेल सरकार वह पैसा शराब पिलाकर वापस ले लेती है। पूर्ण शराबबंदी के अपने वादे से मुकरकर छल-कपट की सारी हदें पार करने वाली प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने आम जनता से अन्याय करते हुए छत्तीसगढ़ को शराब में डुबो दिया है। श्री चंदेल ने कहा कि इस सरकार ने दो साल का बकाया किसानों का बोनस भी वादा करके नहीं दिया। किसान पुत्रों-पुत्रियों को रोजगार आदि से वंचित किया। उनके बेरोज़गारी भत्तों का ग़बन कर अन्याय किया। रोज़गार को लेकर झूठ पर झूठ बोला।

नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल ने कहा कि ग़रीबों की बात करने वाली कांग्रेस की सरकार ने मोदी सरकार द्वारा भेजे जा रहे ग़रीब अन्न कल्याण योजना का पांच हज़ार करोड़ का चावल भी ग़बन कर प्रदेश की जनता से अन्याय किया। इसी तरह 16 लाख पक्के मकान प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले किसानों के ही बनने थे, उसे भी प्रदेश की बघेल सरकार ने छीन लिया। श्री चंदेल ने कहा कि अपने मुँह मियाँ मिठ्ठू बनकर हर मोर्चे पर प्रदेश के बेरोजगारों, महिलाओं, बुजुर्गों, मजदूरों कर्मचारियों साथ अन्याय करने वाली इस कांग्रेस सरकार को प्रदेश की जनता आने वाले विधानसभा चुनाव में मुंहतोड़ ज़वाब देगी और तब प्रदेश की जनता वास्तव में जश्न मनाएगी।

## छत्तीसगढ़ में आदिवासी नेतृत्व को हमेशा कुचलती रही है कांग्रेसः विकास मरकाम

छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम ने कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा के स्वागत में विमानतल से लेकर राजधानी में जगह जगह लगाए गए होर्डिंग्स से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का चेहरा गायब होने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस ने वोट बैंक की राजनीति के लिए एक आदिवासी को प्रदेश का अध्यक्ष बना तो दिया लेकिन कांग्रेस की विचारधारा यही है कि आदिवासी दबा कुचला रहे , उसे कभी सम्मान ना मिले, वह कभी नेतृत्व न करे। कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में स्वागत समिति के अध्यक्ष बनाये गए मरकाम को प्रदेश प्रभारी के स्वागत प्रचार में हटाया जाना साबित कर रहा है कि कांग्रेस की नजर में आदिवासी का कितना सम्मान है। मोहन मरकाम का अपमान इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम को पहले भी कई बार अपमानित किया गया है। उनके खिलाफ एक ऐसा षड्यंत्र रचा जा रहा है, जो पहले टीएस सिंहदेव के लिए रचा जा चुका है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति चुनाव में आदिवासी महिला का विरोध करने वाले दिखावे के लिए एक आदिवासी को अपना प्रदेश अध्यक्ष जरूर बनाए हुए हैं लेकिन उनका भी वैसा ही विरोध चल रहा है, जैसा राष्ट्रपति पद की आदिवासी महिला उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू जी का विरोध छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कर रहे थे।

श्रद्धांजलि

## पूर्व सांसद सोहन पोटाई का निधन



वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद सोहन पोटाई का 9 मार्च को उनके कांकेर स्थित आवास पर निधन हो गया। वे 64 वर्ष के थे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह सहित सभी नेताओं ने पोटाई जी के निधन पर शोक व्यक्त किया। श्री पोटाई 1998 में दिग्गज कांग्रेसी नेता को हराकर सुर्खियों में आए थे। इसके बाद उन्होंने 1999, 2004 और 2009 में कांकेर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी के तौर पर जीत हासिल कर अपनी अलग पहचान बनाई थी।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा ने ट्वीट कर कहा, "कांकेर लोकसभा से पूर्व सांसद व भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री सोहन पोटाई जी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। उनका संपूर्ण जीवन आदिवासी व पिछड़े समाज के उत्थान को समर्पित रहा। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को श्री चरणों में स्थान दें।" पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने शोक व्यक्त करते हुए एक ट्वीट में कहा, "चार बार कांकेर से सांसद रहे भाजपा के कर्मठ नेता श्री सोहन पोटाई जी के निधन के समाचार से मन व्यथित है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्मा को श्रीचरणों में स्थान और शोकाकुल परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य और संबल प्रदान करें।" ●●●



# माखनलाल चतुर्वेदी जी हम शर्मिंदा हैं...



पंकज झा

महान कवि, संपादक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वनामधन्य माखनलाल चतुर्वेदी जी हमारी साझी विरासत हैं। अविभाजित मध्यप्रदेश (जिसका हिस्सा छत्तीसगढ़ भी था) में जन्मे स्व. चतुर्वेदी की कालजयी रचना 'पुष्प की अभिलाषा' शायद ही किसी हिन्दीभाषी ने नहीं पढ़ा हो। छत्तीसगढ़ अंचल के ही बिलासपुर केन्द्रीय जेल में कैदी के रूप में दादा माखनलाल ने इसे रचा था। उस पुष्प की अभिलाषा यही थी कि मातृभूमि पर शीश कटाने जिस पथ पर अनेक वीर जाते हों, उस पथ पर बिछ-बिछ जाया जाय। पुष्प की इस अकेली आकांक्षा को पूरा करने न जाने कितने शीश अभी तक कट गए होंगे, और ऐसे बलिदान हुए हर शीश पर न्यौछावर होने की अभिलाषा पूरी होती रही है पंखुड़ियों की। इस अभिलाषा के आगे देवों के सर पर चढ़ अपने भाग्य पर इठलाने की इच्छा भी त्याग दी है माखनलाल जी के पुष्प ने...

ऐसे देव पुष्पों की पंखुड़ियों की अनेक किलोमीटर तक कालीन एक ऐसी महिला के लिए छत्तीसगढ़ में बिछा दिया गया, जिसके समूचे जीवन की अकेली उपलब्धि भारत के प्रधानमंत्री रहे व्यक्ति की बेटी होना है। या फिर भारत की प्रधानमंत्री रही महिला के नाक जैसा नाक होना ऐसी बड़ी उपलब्धि मान ली गयी, जिसके लिए छत्तीसगढ़ की गरीब जनता का करोड़ों रुपया लुटा दिया गया। जब किसी बिगड़ैल शहजादी की तरह उस स्त्री के पांव बिना जमीन पर पड़े ही पंखुड़ियों को कुचल रहे थे, लगभग उसी समय बस्तर की सरजमीं नक्सल हमले से फिर-फिर रक्तिम हो रही थी। लेकिन उसकी परवाह किये बिना भी जिस तरह का अश्लील प्रदर्शन, जैसा घिनौना कृत्य, सत्ता और संपत्ति का जिस तरह का भद्दा दिखावा, चाटुकारिता का जिस तरह चरम, बेशर्मी का जैसा नाच, निर्लज्जता की जैसी पराकाष्ठा, हठधर्मिता का जैसा परिचय, मूर्खता और उजड्ड व्यवहार का जैसा सम्प्रेषण, असभ्यता का जैसा उदाहरण, अधर्म का जैसा अट्टहास उस महिला के स्वागत के लिए किया गया, देख-देख कर वितृष्णा होती रही।

कुछ ही दिन पहला भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का बस्तर आगमन हुआ था। कमुनिस्ट आतंकियों ने तब हफ्ते भर के भीतर ही भाजपा के तीन नेताओं की जान ले ली थी। तब भाजपाध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के निर्देश पर स्वागत के तमाम कार्यक्रम स्थगित कर दिए गए थे। श्री नड्डा ने तब अपने दिवंगत कार्यकर्ताओं के परिजनों से उनके घर जा कर मिलना उचित समझा न कि किसी भी तरह का उत्सव या स्वागत समारोह मनाया जाना। यह अंतर भाजपा जैसी जिम्मेदार राजनीतिक पार्टी और कांग्रेस जैसे असभ्य जमात में है, यही 'पार्टी विथ डिफरेंस' है,जिसे सभी को हमेशा स्मरण रखना चाहिए।

आश्चर्य यह है कि ऐसा सब कुछ कथित कांग्रेस के 85 वें अधिवेशन के नाम पर किया गया। उस कांग्रेस के नाम पर जिसकी स्वतंत्रता

पूर्व और पश्चात की बैठकों ने भी सादगी का कीर्तिमान स्थापित किया था। जब गांधी, सुभाष, पटेल, तिलक प्रभृति लोकमान्य मनीषियों ने सादगी को लोक जीवन का आभूषण बना दिया था। वैसी परंपरा के नाम पर इस तरह के बर्बर कृत्यों की अनुमति वही लोग दें सकते हैं, जिनकी न तो राष्ट्र में कोई निष्ठा होती है, न ही धर्म में। कांग्रेस के वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष, मां-बेटे दोनों पूर्व अध्यक्षों को भी जो स्वागत नसीब नहीं हुआ वह उसके महासचिव को किस विशेष हैसियत के कारण दिया गया, वह सवाल अनुत्तरित ही रह जाना है। करेला पर नीम चढ़ा यह कि मियां यही नहीं रुके, उन्होंने नेत्री द्वारा रौंदे जाने के बाद उन टनों पंखुड़ियों को ऐसी जगह भेजा जहां उससे गुलाल बनाया जा रहा है। समाचारों के अनुसार जिससे होली मनाई जानी थी और परम्परा अनुसार उस गुलाल को देवता पर भी चढ़ाया जाना था, जिसमें उस नेत्री का चरण रज मिला हुआ हो।

आश्चर्य की श्रृंखला यहां पर भी नहीं रुकी। प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री और भाजपा नेता राजेश मूणत द्वारा इस पर सवाल उठाये जाने पर कांग्रेस का अधिकृत जवाब था कि 'जैन' को इस पर बोलने का अधिकार नहीं है। मानसिक दीवालियेपन की अति देखिये, एक मुस्लिम व्यक्ति द्वारा एक इसाई महिला के लिए बिछाए फूलों से गुलाल बना कर सनातन हिन्दू त्यौहार मनाने की व्यवस्था की गयी, लेकिन होली को समूचे उत्साह से मनाने वाले जैन समाज को बकौल कांग्रेस, इस पर बोलने का अधिकार नहीं है! कांग्रेस की ऐसी ही विभाजनकारी और अलगाववादी मानसिकता ने भारत के तीन टुकड़े किये हैं। पता नहीं कितने दंगे और फसाद हुए ऐसी साम्प्रदायिक मानसिकता के कारण, न जाने कितने लाख घर उजड़े, कितने लोगों की जान माल का नुकसान हुआ, लेकिन कांग्रेस अपनी ऐसी सोच से मुक्त नहीं हो पा रही है, यह इस समय का सबसे बड़ा दुर्भाग्य है। बहरहाल।

एक ऐसे रबर स्टाम्प राष्ट्रीय अध्यक्ष जिन्हें 'परिवार' के मुकाबले छतरी तक नसीब नहीं होने की चर्चा रही, की अध्यक्षता में संपन्न कांग्रेस के अधिवेशन में ऐसी ही ख़बरें ही सुर्खियां बनी, मूल मुद्दे तो गायब ही रहे। तमाम कांग्रेसियों में प्रतिस्पर्द्धा महज इतनी रही कि कौन सबसे बड़े चाटुकार होने का रिकॉर्ड बनाये। चर्चा और विमर्श के नाम पर अधिवेशन में जिन दस्तावेजों को जारी कर दिया गया, उसमें भी विभाजनकारी मंशा साफ दिख रही है। टुकड़े-टुकड़े गिरोहों की रहनुमाई में तैयार ये दस्तावेज भी 'बांटों और राज करो' की मंशा से ही जारी किये गए लगते हैं। केवल एक उदाहरण से इसे समझा जा सकता है। कांग्रेस ने अपने प्रस्ताव में जातिगत जनगणना की मांग की है। सोचिये जरा, 1931 में अंग्रेजों ने जिस विभाजनकारी मंशा से जाति आधारित जनगणना की शुरुआत की थी, जिसका खेल समझते हुए स्वतंत्रता के बाद की सरकारों ने भी उसे जारी रखना उचित नहीं समझा,कांग्रेस पहले स्वयं ही कहती रही कि इससे अलगाव बढ़ेगा। वैसा फिरंगी कदम 2023 में उठाने की आवश्यकता क्यों हुई कांग्रेस को, यह समझना चाहिए। समझने वाली बात यह भी है कि आखिर किसके 'हाथ' में खेल रही है कांग्रेस? जाति की तरह का ही मामला 'धर्म' से भी जुड़ा है। सदियों से सनातन की छतरी तले रहने वाले सभी सम्प्रदायों के बीच भी विभेद पैदा करना, आदिवासियों को अलग करने की साजिश समेत ऐसी तमाम बातें आपको उनके प्रस्तावों में दिखेगी, जिसकी उम्मीद किसी भी जिम्मेदार राजनीतिक दल से इक्कीसवीं सदी में तो कम से कम नहीं की जा सकती। अस्तु।

> **चर्चा और विमर्श के नाम पर अधिवेशन में जिन दस्तावेजों को जारी कर दिया गया, उसमें भी विभाजनकारी मंशा साफ दिख रही है। टुकड़े-टुकड़े गिरोहों की रहनुमाई में तैयार ये दस्तावेज भी 'बांटों और राज करो' की मंशा से ही जारी किये गए लगते हैं।**

जिस तरह की करतूत दिख रही है कांग्रेस की, उसी तरह से जनता इन्हें जवाब भी दे ही रही है। चुनाव परिणामों में भी लगातार कांग्रेस विरोधी जनादेश आ ही रहे हैं। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक पूर्वोत्तर भारत से कांग्रेस के सफाए का समाचार भी आ ही गया। वहां जिन तीन राज्यों में चुनाव हुए थे, वहां भी सभी में भाजपा जनादेश पाने में सफल रही। तीनों राज्यों में भाजपा की (अपने सहयोगी दलों के साथ) सरकार बनी है। दूसरी तरफ जिन प्रदेशों को कभी कांग्रेस का गढ़ माना जाता था, वहां कांग्रेस का मुश्किल से दो अंक तक भी पहुंच पाना उसकी ऐसी विफलता है, जिससे बिना शर्मिन्दा हुए भी, उससे बिना कोई सबक सीखते हुए भी कांग्रेस अपनी विभाजनकारी, सांप्रदायिक, कम्युनिस्ट नीतियों पर चलना जारी रखे हुए है। देश में कहीं भी शायद जब तक कांग्रेस का आख़िरी प्रतिनिधि भी बचा रहेगा तब तक ये अपनी हरकतों से बाज नहीं आने वाले।

भाजपा का 'कांग्रेस मुक्त भारत' का आह्वान और लक्ष्य भी इसीलिए है क्योंकि भाजपा एक सुदृढ़ और सबल राष्ट्र की आराधक है। वह मां भारती को उसके वैभव के शिखर पर पुनः आरूढ़ कराने समर्पित है। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हिन्दुस्थान के पुनः विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर होना ऐसी उपलब्धि है, जिस पर भाजपा के हरेक कार्यकर्ता, भारत के हर नागरिक को गर्व है। निस्संदेह कांग्रेस के बावजूद भारतवासियों के गौरव की यह यात्रा अहर्निश चलती रहेगी, किसी भी प्रायोजित यात्रा की तुलना में यह यात्रा अधिक स्थायी, ज्यादा गतिशील और उपलब्धियों से भरी हुई है। वन्दे मातरम! ●●●

## निवेदन

दीप कमल से संबंधित कोई भी सुझाव या शिकायत हो तो आप नीचे दिए गए पते पर भेज सकते हैं या WhatsApp कर सकते हैं। फोन से भी जानकारी दे सकते हैं। ईमेल भी कर सकते हैं। इसके अलावा आपके क्षेत्र में संगठन से संबंधित कोई गतिविधि या पत्रिका में प्रकाशन योग्य कोई समाचार हो, तो उसे भी निम्नलिखित माध्यमों से भेजने का आग्रह है।

**कार्यकारी संपादक, दीप कमल, प्रदेश भाजपा कार्यालय, कुशाभाऊ ठाकरे परिसर**
डूमरतराई, रायपुर। (छग), फोन : 0771-2233500, WhatsApp : 9425507006, Email : jay7feb@gmail.com







नृशंस नक्सल हमले में दिवंगत अपने नेताओं को भाजपा की विनम्र श्रद्धांजलि...

मुझे तोड़ लेना बनमाली,
उस पथ पर देना तुम फेक!
मातृभूमि पर शीश चढ़ाने,
जिस पथ पर जायें वीर अनेक!

– माखनलाल चतुर्वेदी

RNI No.CHHHIN/2004/13926

# पूर्वोत्तर का भी उत्तर
# मत जा मोदी



दीपकमल के पिछले सभी अंक पढ़ने के लिए इस क्यूआर कोड को स्कैन करें।